मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.2 | 18.3 |
| जमशेदपुर | 36.5 | 18.2 |
| डालटनगंज | 37.5 | 15.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 24 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 336 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## बिहार: इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी



**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए. बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने रिजल्ट जारी किया.

- सिवान के मृत्युंजय बने साइंस टॉपर

सीवान के रहने वाले मृत्युंजय कुमार 12वीं की परीक्षा में साइंस टॉपर बने हैं. मृत्युंजय कुमार को 481 नंबर मिले हैं. कॉमर्स में शेखपुरा की रहने वाली कॉलेज ऑफ कॉमर्स की स्टूडेंट प्रिया कुमारी हैं. इन्हें कुल 478 अंक हासिल हुए हैं. आर्ट्स में पटना के कॉमर्स कॉलेज के स्टूडेंट तुषार ने बाजी मारी है. तुषार कुमार को 482 अंक मिले हैं.

# कांग्रेस स्थापित कंपनी, भाजपा एक स्टार्टअप है : जयराम

### करिश्माई नेता की अवधारणा खतरनाक

पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और नए चेहरों की जरूरत है

### जिसको कांग्रेस में टिकट नहीं मिलता, वह भाजपा में शामिल हो जाता है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपनी पार्टी की वापसी की उम्मीद जताते हुए कहा है कि देश का सबसे पुराना दल एक ऐसी स्थापित कंपनी की तरह है जिसके मार्केट कैप में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं. उन्होंने भाजपा को एक स्टार्टअप करार दिया. रमेश ने पीटीआई कार्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों और पत्रकारों के साथ बातचीत के क्रम में इस बात पर जोर दिया कि चुनावी सफलता के लिए संगठनात्मक शक्ति का होना जरूरी है. उन्होंने इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व भाजपा की सफलता का कारण है. कांग्रेस महासचिव रमेश ने कहा कि करिश्माई नेता की धारणा पर विश्वास करना एक खतरनाक अवधारणा है. जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और नये चेहरों की जरूरत है. रमेश ने कहा कि कांग्रेस में यह मुश्किल है क्योंकि लोग लंबे समय से पार्टी में हैं. कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा के लिए यह आसान है क्योंकि आप जानते हैं कि भाजपा कई राज्यों में एक स्टार्टअप है.

रमेश के अनुसार, एक स्टार्टअप बहुत सारे लोगों को समाहित करने में सक्षम है, ऐसे में जिस व्यक्ति को कांग्रेस में टिकट नहीं मिलता, वह भाजपा में शामिल हो जाता है. इसलिए कई राज्यों में कांग्रेस का नुकसान यह है कि वह दशकों से मौजूद है. उन्होंने कहा कि किसी स्थान पर जमे रहने का एक नुकसान यह है कि आप नये लोगों को आने का मौका नहीं दे पाते. कांग्रेस महासचिव ने कहा, लेकिन, यह धीरे-धीरे हो रहा है, यह कुछ राज्यों में हो रहा है. यह निश्चित रूप से तेजी से होना चाहिए.

### कांग्रेस के बैंक खाते नहीं हुए फ्रीज, झूठ का पुलिंदा है पार्टी : संबित

# कांग्रेस पार्टी ने तय समय पर नहीं भरा है टैक्स : भाजपा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



- अगर समय पर कांग्रेस रिर्टन भर देती तो यह नौबत नहीं आती, अब राशि 135 करोड़ हो गई है
- कांग्रेस के कुछ बैंक अकाउंट रुटीन आधार पर अटैच हुए, विभाग ने 115 करोड़ निकालने पर रोक लगा दी

कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के आरोपों के बाद अब भाजपा ने पलटवार किया है. पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है और वह झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है. उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट के प्रावधान 13ए के तहत राजनीतिक दलों को आयकर में छूट मिलती है. यह 2017-18 का मामला है, जिसके लिए असेसमेंट के आधार पर टैक्स भरने की विस्तारित तारीख 31 दिसंबर 2018 थी. संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने नियमों के आधार पर तय डेट तक टैक्स नहीं भरा और नियमों के खिलाफ जाकर कैश में 14 लाख रुपये का बेनामी डोनेशन भी लिया. समय पर टैक्स नहीं भर पाने के कारण पेनाल्टी लग कर कांग्रेस पर 105 करोड़ रिटर्न डिमांड बना, लेकिन कांग्रेस ने आयकर विभाग के पास सिर्फ ढाई करोड़ ही डिपोजिट किए.

## बिरहोर बच्ची की मौत का मामला तूल पकड़ा



## चार सदस्यीय टीम जांच के लिए पहुंची केरेडारी

# 44 किमी की दूरी तय करने में लगे 22 दिन

**ज्ञान पासवान / प्रमोद उपाध्याय। केरेडारी (हजारीबाग)**

- भारत सरकार और राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देश पर चार सदस्यीय जांच टीम पगार पहुंची
- पगार बिरहोर कॉलोनी, थाना, ब्लॉक- अंचल कार्यालय व स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचकर टीम ने पूछताछ की

10 साल की बिरहोर बच्ची की मौत के मामले में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा मुख्य सचिव को मामले की जांच का निर्देश दिया गया था. साथ ही राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन से मामले की पूरी जानकारी मांगी थी. 28 फरवरी को बिरहोर बच्ची की मौत का मामला जब तूल पकड़ने लगा तो जिला प्रशासन हरकत में आया. प्रशासन ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली. लेकिन मामले को लेकर लगातार सामाजिक कार्यकर्ता मंटू सोनी लगातार केंद्र से लेकर राज्य सरकार से पत्राचार करते रहे. मानवाधिकार आयोग को भी पत्र लिखकर बिरहोर परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाते रहे. आखिरकार जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम की नींद खुली. यानी जांच टीम को जिला मुख्यालय हजारीबाग से घटनास्थल तक की 44 किलोमीटर की दूरी तय करने में 22 दिन लग गए. प्रशासन की टीम पहुंचीट टीम ने पगार बिरहोर कॉलोनी, थाना, ब्लॉक ऑफिस, अंचल कार्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचकर मामले की जांच की. टीम को क्या-क्या मिला, इसका खुलासा नहीं हो सका है.

**डीसी के निर्देश पर पहुंची टीम :** एनटीपीसी और उसके एमडीओ ऋत्विक-एएमआर प्रबंधन द्वारा मामले को दबाने का पुरजोर प्रयास किया गया. नाबालिग किरणी बिरहोर की जान की कीमत 40 हजार लगा कर परिजनों को मुआवजा भुगतान कर मुंह बंद कराने का भी प्रयास किया गया. लेकिन शुभम संदेश और लगातार.इन इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करता रहा. भारत सरकार के आदेश के बाद हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने 23 मार्च को चार सदस्यीय जांच टीम केरेडारी भेजा. जांच टीम में जिला प्रोटेक्शन पदाधिकारी दीपनारायण चौधरी, विधि सह परिवेक्षण पदाधिकारी राकेश कुमार, बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना पांडे और पायल सिन्हा शामिल थे.



### टीम ने पता लगाया, आखिर बच्ची की मौत कैसे हुई

जांच टीम ने पगार गांव स्थित बिरहोर कॉलोनी पहुंचकर मृतक किरण बिरहोर के पिता बीरू बिरहोर और अन्य परिजनों से पूछताछ की. मौत के कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली. साथ ही चट्टी बरियातू कोल माइंस खुलने के उपरांत आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों पर पड़ रहे प्रभाव की भी गंभीरतापूर्वक कई बिंदुओं पर जानकारी ली. इसके बाद केरेडारी थाना पहुंचकर मृतका किरण बिरहोर की कागजी कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली. लेकिन थाना में इस संबंध में कुछ दर्ज नहीं किया गया था. टीम ने केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिक्रम से किरण बिरहोर की मौत के तथ्यों की लिखित जानकारी भी मांगी.

### एनटीपीसी के जीएम ने फोन ही नहीं उठाया

केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर बीडीओ अमित कुमार और सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल से माइंस खुलने के उपरांत आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को लेकर सरकार द्वारा मिलनेवाली सुविधाओं समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी हासिल की. जांच के क्रम में टीम द्वारा एनटीपीसी के जीएम फैज तैयब से कई बार टेलीफोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया. लेकिन तैयब ने फोन ही नहीं उठाया. चट्टी बरियातू कोल माइंस के अन्य अधिकारियों से संपर्क करने पर ही एनटीपीसी के वरीय अधिकारी से टीम की मुलाकात हो सकी.

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी दर्ज हुआ है मामला

एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना में नाबालिग किरणी बिरहोर की मौत के मामले को लेकर मंटू सोनी ने जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार से शिकायत की थी. भारत सरकार ने तत्काल एक्शन लेते हुए मुख्य सचिव और आदिवासी जाति/जनजाति आयोग को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा. वहीं एक और सामाजिक कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने बाल संरक्षण आयोग को पत्र लिख कर मामले की शिकायत की थी. इसके बाद बाल संरक्षण आयोग ने भी अपने स्तर से कार्रवाई शुरू की है. वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी किरणी बिरहोर की मौत का मामले का केस दर्ज हो गया है.

### किरणी बिरहोर की मौत के लिए कौन-कौन हैं जिम्मेवार ?

एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना से प्रभावित किरणी बिरहोर की मौत के जिम्मेवार लोगों को अब तक चिह्नित नहीं किया गया है. आखिर बिरहोर बस्ती को बिना बसाये खनन कैसे शुरू हुआ ? इसमें जिला प्रशासन की भी भूमिका संदेहास्पद है. आखिर प्रशासन ने कैसे खनन स्थल के नजदीक बिरहोर बस्ती के पुर्नवास किए बिना खनन करने की अनुमति दे दी ? और अब एनटीपीसी, उसका एमडीओ ऋत्विक-एएमआर मुआवजा देने के नाम पर और बिरहोर बस्ती को अन्य जगह बसाने की बात कहकर मामले की लीपापोती में लग गया है.

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत की याचिका पर एक को होगी सुनवाई

**रांची/दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में एक अप्रैल को सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में उनका मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है. दरअसल हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गयी थी.

### महुआ के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के ठिकानों पर छापे मारे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और अन्य शहरों में महुआ मित्रा के ठिकानों पर पहुंची और छापेमारी प्रक्रिया की जानकारी देकर कार्रवाई शुरू की.

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पीडिया गांव में जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया.

### आईपीएल-17

**आज के मैच**

राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
समय : दिन के 3 :30 बजे

गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस
समय : शाम 7 :30 बजे

### पिछले आठ साल में 64,130 करोड़ रुपये कर्ज में हुई बढ़ोतरी

# झारखंड सरकार का कर्ज बढ़कर हुआ एक लाख 30 हजार 957 करोड़




**रवि भारती। रांची**

झारखंड सरकार का कर्ज दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है. चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार का कर्ज बढ़ कर एक लाख 30 हजार 957 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में झारखंड सरकार का कर्ज 66,827 करोड़ रुपये ही था. इस हिसाब से पिछले आठ साल में 64,130 करोड़ रुपये कर्ज में वृद्धि हो गई है, जबकि रिजर्व फंड में सिर्फ 1431.86 करोड़ रुपये ही जमा है.

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से 10,700 करोड़ का उधार :** राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से 10,700 करोड़ रुपए का उधार लिया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार ने रिजर्व बैंक से 5,154 करोड़ रुपये उधार लिया था. इस हिसाब से पिछले आठ साल में राज्य सरकार ने रिजर्व बैंक से 5,546 करोड़ रुपये अधिक उधार लिया है.

**राज्य सरकार के खाते में जमा है 12,551 करोड़ :** राज्य सरकार के खाते में 12,551.87 करोड़ रुपये जमा है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार के खाते में 10,785.73 करोड़ रुपये जमा था. वित्तीय वर्ष 2017-18 में 15,651.26 करोड़, 2018-19 में 12,879.31 करोड़, 2019-20 में 15832.84 करोड़, 2020-21 में 16155.84 करोड़, 2021-22 में 13585.74 करोड़, 2022-23 में 20435.01 करोड़ रुपये जमा थे.

### रिजर्व फंड में जमा हैं सिर्फ 1431.86 करोड़ रुपये

**साल दर दाल राज्य सरकार का कर्ज**

| वित्तीय वर्ष | कर्ज (राशि करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 66827 |
| 2017-18 | 77095 |
| 2018-19 | 83782.9 |
| 2019-20 | 94406.6 |
| 2020-21 | 109185 |
| 2021-22 | 113482 |
| 2022-23 | 118448 |
| 2023-24 | 130957 |

**साल दर साल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से उधार**

| वित्तीय वर्ष | उधार( राशि करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 5154 |
| 2017-18 | 5999 |
| 2018-19 | 5509 |
| 2019-20 | 7500 |
| 2020-21 | 9400 |
| 2021-22 | 5000 |
| 2022-23 | 4000 |
| 2023-24 | 10700 |

**साल दर साल राज्य सरकार के खाते में कितनी राशि जमा**

| वित्तीय वर्ष | जमा राशि ( राशि करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 10785.73 |
| 2017-18 | 15651.26 |
| 2018-19 | 12879.31 |
| 2019-20 | 15832.84 |
| 2020-21 | 16155.84 |
| 2021-22 | 13585.74 |
| 2022-23 | 20455.01 |
| 2023-24 | 12551.87 |

**साल दर साल राज्य सरकार रिजर्व फंड में कितनी राशि**

| वित्तीय वर्ष | रिजर्व फंड (राशि करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 425.88 |
| 2017-18 | 401.00 |
| 2018-19 | 421.00 |
| 2019-20 | 4379.02 |
| 2020-21 | 1680.99 |
| 2021-22 | 1025.60 |
| 2022-23 | 861.56 |
| 2023-24 | 1431.86 |

### दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से दिया संदेश

# 'जल्द बाहर आऊंगा, वादे पूरे करूंगा'

- कोई भी जेल मुझे अंदर नहीं रख सकती
- मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता ने शनिवार को एक संदेश पढ़ा. इस संदेश में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी का प्रत्येक क्षण देश की सेवा के लिए समर्पित रहा है. ईडी की हिरासत से दिये एक संदेश में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी जेल उन्हें अंदर नहीं रख सकती है और वह जल्द ही लौटेंगे. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि वह कोई भी वादा पूरा करने में असफल रहे हों. उन्होंने महिलाओं को उस योजना के क्रियान्वयन का भी आश्वासन दिया जिसके तहत योग्य लाभार्थियों को हर माह 1,000 रुपये दिये जायेंगे. जान लें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले के संबंध में ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं. केजरीवाल ने कहा, अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है. मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है.

### 'आप' कार्यालय को 'सील' किया गया



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से 'सील' कर दिया गया है और पार्टी निर्वाचन आयोग के समक्ष इस मामले की शिकायत करेगी. आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को 'सील' करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त 'समान अवसरों' के खिलाफ है.

### हाईकोर्ट भी गए

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट द्वारा ईडी को दी रिमांड के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है. उन्होंने अपनी याचिका में हाईकोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की गुहार लगाई है. केजरीवाल ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड आदेश दोनों अवैध हैं.

### कल्पना सोरेन ने सुनीता केजरीवाल को किया फोन, कहा- हम साथ खड़े हैं



**रांची।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनकी पत्नी से बात की. हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए कल्पना सोरेन ने लिखा, 'अरविंद केजरीवाल की धर्म पत्नी सुनीता केजरीवाल जी से बात कर उन्हें साहस देने का प्रयास किया. एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं. निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तारी और वह भी तब जब देश में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो गई हो, एक लोकतांत्रिक देश के लिए यह सामान्य घटना नहीं है. पूरा झारखंड केजरीवाल के साथ खड़ा है. इंडिया झुकेगा नहीं.

### राघव चड्ढा खालिस्तान समर्थक से क्यों मिल रहे : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर हल्ला बोला है. अमित मालवीय ने कहा कि जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल कहती हैं कि भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं, जो देश को कमजोर कर रही हैं. अमित मालवीय ने कहा, मैं उनकी (सुनीता केजरीवाल) बात से पूरी तरह सहमत हूं. तंज कसा कि वह यह बताना चाह सकती हैं कि राघव चड्ढा ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत के गिल के साथ क्या कर रहे हैं, जो खुले तौर पर खालिस्तानी अलगाववाद की वकालत करती हैं.

**लोकसभा चुनाव 2024**


### राजधानी रांची में 100 साल पार के हैं 378 वोटर

# 18वीं बार मतदान करेंगे रांची के 378 वोटर



**रवि भारती। रांची**

राजधानी रांची के 378 वोटर 18 वीं बार लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. इन वोटरों की उम्र 100 साल से अधिक हो गई है. इनकी उम्र 100 से 109 साल के बीच है. इस उम्र के सबसे अधिक वोटर की संख्या रांची विधानसभा क्षेत्र में है. रांची विधानसभा क्षेत्र में इनकी संख्या 123 है. इस उम्र के वोटर ईचागढ़ में 33, सिल्ली में 36, खिजरी में 32, हटिया में 81 व कांके विधानसभा क्षेत्र में 73 हैं.



### घर बैठे मतदान की सुविधा

निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्रवाले मतदाताओं को घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की है. 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाता या जो 40 फीसदी से ज्यादा विकलांगता वाले वोटर हैं, उनके पास फॉर्म 12 डी पहुंचाया जाएगा. अगर वे मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहते, तो उनके घर जाकर उनका वोट पंजीकृत किया जाएगा. इसके लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को प्रशिक्षित कर दिया है. चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर संबंधित क्षेत्र के बीएलओ चिह्नित मतदाताओं के घर-घर जाकर फार्म 12-डी भरवाकर जमा करेंगे. इसमें मतदाता की स्वेच्छा है कि वह फार्म भरे या न भरे. वह मतदान केंद्र पर भी जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है.

### 90 से 99 साल के 4644 वोटर

राजधानी रांची में 90 से 99 साल के बीच 4,644 मतदाता हैं, जिनमें से ईचागढ़ में 400, सिल्ली में 540, खिजरी में 850, रांची में 1,102, हटिया में 1,093 व कांके में 659 मतदाता हैं . वहीं 80 वर्ष से 89 वर्ष के 26,540 मतदाता हैं, जिनमें ईचागढ़ में 2,831, सिल्ली में 3,125, खिजरी में 4,662, रांची में 5,411, हटिया में 6,635 व कांके में 3,876 मतदाता हैं. 70 वर्ष से 79 वर्ष के 90,016 मतदाता हैं, जिनमें से ईचागढ़ में 10,353, सिल्ली में 10,805, खिजरी में 15,117, रांची में 17,457, हटिया में 21852 व कांके में 14,432 मतदाता हैं.

### के. कविता की ईडी हिरासत 26 तक बढ़ी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोपी बीआरएस की नेता के कविता की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी. बीआरएस नेता के वकील ने अदालत में जमानत याचिका दायर की थी. ईडी ने कविता की हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था. ईडी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता साउथ ग्रुप का हिस्सा थी, जिसने आबकारी नीति के तहत लाभ के बदले में आपको 100 करोड़ की रिश्वत दी थी.

## ब्रीफ खबरें

### आत्महत्या की धमकी देनेवाला युवक पकड़ाया



**रांची।** शहीद भगत सिंह की प्रतिमा नहीं लगाने पर आत्महत्या की धमकी देने वाले युवक उत्तम यादव को रांची पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने 23 मार्च को फांसी लगाने की बात कही थी, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस ने उत्तम यादव को रांची के सुखदेव नगर थाना में रखा है. इसके बाद थाना में राष्ट्रीय युवा शक्ति के कार्यकर्ता जुटने लगे हैं. एहतियात के तौर पर सुखदेव नगर थाना को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है. बता दें कि उत्तम यादव ने पिछले साल संगठन की ओर से शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की थी. संगठन ने मोरहाबादी में प्रतिमा खड़ी भी कर दी थी. लेकिन स्थापना की पूर्व रात्रि रांची जिला प्रशासन ने इसे हटवा दिया था. इसको लेकर जिला प्रशासन और राष्ट्रीय युवा शक्ति की टीम में काफी बहसा-बहसी भी हुई थी.

### 11वीं सिविल सर्विस परीक्षा, आंसर जारी

**रांची ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 17 मार्च को हुई 11वीं सिविल सर्विस परीक्षा का आंसर की जारी कर दिया है. अभ्यर्थी अपने सेट का आंसर की जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर देख सकते हैं. अभ्यर्थी अपने मॉडल उत्तर के विरुद्ध अपनी आपत्ति या सुझाव 24 से 30 मार्च तक शाम 5 बजे तक कर सकते हैं. आपत्ति दर्ज करवाने के लिए आयोग की वेबसाइट ईमेल आईडी, फोन नंबर, कैंडिटेट आईडी, पासवर्ड डाल कर विषय के अनुसार प्रश्न के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. आपत्ति जताने का सोर्स भी बताना अनिवार्य होगा.

- आपत्ति या सुझाव 24 से 30 मार्च शाम 5 बजे तक कर सकते हैं

## विश्वविद्यालय के पीआईओ डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने छात्रों के साथ वार्ता की

# फॉर्म भरने को लेकर रांची विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने किया हंगामा

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय में शनिवार को विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने हंगामा किया. छात्रों का आरोप है कि स्नातक सेमेस्टर फाइव का परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं. स्नातक सेमेस्टर फोर में 90 प्रतिशत छात्रों को फेल या प्रमोट कर दिया गया है. हंगामा करने आए छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 50 थी. इस बीच विश्वविद्यालय के पीआईओ डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने छात्रों के साथ वार्ता की और उनको समझा-बुझा कर भेजा. छात्र सुबह 11 बजे आए और 3 बजे तक विश्वविद्यालय कैंपस में ही डटे रहे. कुछ छात्रों ने रांची विश्वविद्यालय का परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के दरवाजे के बाहर छात्र खड़े रहे. काफी देर तक खड़े रहेने के बाद अंदर से एक कर्मचारी बाहर आया और बच्चों से बाद किया. हालांकि छात्र इनके बातों से संतुष्ट नहीं हुए. सेमेस्टर फाइव का परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 मार्च है. इसके लिए रांची विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.





### 10 दिनों से लगातार छात्र कर रहे हैं विरोध

फेल होने के मामले को लेकर पिछले 10 दिनों से कोई ना कोई छात्र का खेमा विरोध कर रहा है. हंगामा करने आए छात्रों को कुलपति या अन्य अधिकारी समझा-बुझाकर या आश्वासन देकर भेज देते हैं. जाने के दूसरे या तीसरे दिन छात्र फिर से विश्वविद्यालय हंगामा करने पहुंच जाता है. रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने 22 मार्च को नोटिफिकेशन जारी कर के 28 मार्च से होने वाली परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 मार्च को शाम 5 बजे तक कर दी गई है. विश्वविद्यालय ने कई सारे आंकड़ों के साथ नोटिस जारी किया था. इसमें आरटीआई के लिए कितने आवेदन आए हैं, उसके बारे में भी बताया गया. नोटिस में जिन छात्रों ने मिड सेमेस्टर की परीक्षा ना देने और अनुपस्थित रहने का भी जिक्र किया है.

## आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत निगरानी

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आपसी समन्वयन से करें कार्य : के. रवि

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर कार्य करें. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय में पलामू, गढ़वा, लातेहार व चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे. चतरा के पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों व अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया. 27 मार्च तक सभी मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

- अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर बलों की तैनाती कर सख्ती से करें जांच



### ये भी दिए गए निर्देश

- मतदान केंद्रों पर हो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था
- शौचालय को क्रियाशील बनाने का दिया निर्देश
- मेडिकल किट हो उपलब्ध
- हेलीपैड को कराएं दुरुस्त

### संवेदनशील मतदान केंद्रों पर जीरो रिस्क प्रिंसिपल पर करें कार्य : एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने जिलों के चिह्नित संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया. संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीआरपीएफ एवं पुलिस बलों की तैनाती का आकलन करते हुए शून्य रिस्क प्रिंसिपल पर कार्य करने का निर्देश दिया. कहा कि मतदान कराने के साथ-साथ ईवीएम, मतदाता एवं पोलिंग पार्टी की सुरक्षा हम सबों की पहली प्राथमिकता है. दुरूह क्षेत्र के मतदान केंद्रों एवं कलस्टर पर पोलिंग पार्टी व आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए. डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्र तक की व्यवस्था का बिंदुवार विश्लेषण करने सहित निर्वाचन कार्य में विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया.

### सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखे जाने की जरूरत है. उन्होंने सोशल मीडिया सेल, कंट्रोल रूम, यातायात प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, पोस्टल बैलेट, प्रशिक्षण, एमसीएमसी सहित अन्य कोषांगों को सक्रिय रखने का निर्देश दिया. जिलों के सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करते हुए सख्ती बरतें. पर्याप्त बल व दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब व शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने व सभी चेकपोस्ट पर औचक निरीक्षण करने व उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का निर्देश दिया.

### तीसरी से छठी कक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम होगा : सीबीएसई

**रांची।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी से छठी कक्षा को लेकर नया पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें जारी करेगी. अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं होगा. सीबीएसई के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. सीबीएसई ने संबद्ध स्कूलों को भेजे एक पत्र में कहा कि एनसीईआरटी ने उसे सूचित किया है कि तीसरी से छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों पर काम हो रहा है और जल्द ही ये जारी की जाएंगी. सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) जोसेफ इमैनुएल ने कहा, स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर तीसरी से छठी कक्षा के लिए इन नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों को अपनाएं.

# रांची विवि हर साल एक हजार पीएचडी अवार्ड करता है : कुलपति



संवाददाता ।रांची

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 कार्यांवयन को ले कर चल रहे तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन का समापन हुआ. कार्यशाला के समापन के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और विषिष्ट अतिथि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के जॉइंट डायरेक्टर प्रो. रंजीत कुमार सिंह शामिल रहे. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष एक हजार पीएचडी अवार्ड करती है. पीएचडी के शोधार्थियों को अपना शोध आगे बढ़ाना चाहिए. प्रोफेसर कुमार सुरेश ने नई ग्रेडेशन प्रणाली को लागू करने के संबंध में बताया. प्रोफेसर सुधांशु भूषण ने बहु-विषयक और अंतर-विषयक अनुसंधान पर चर्चा की और बताया कि छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए इन्हें कैसे जोड़ा जा सकता है. एनईआईपीए के प्रो सुधांशु भूषण और प्रो एके सिंह, एनईआईपीए शामिल रहे.

### खास बातें

- एनईपी 2020 पर चल रहे कार्यशाला का समापन
- शोधार्थियों को अपना शोध आगे बढ़ाना चाहिए

# ऑल इंडिया पोस्टल-आरएमएस पेंशनर्स एसो. ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

संवाददाता ।रांची

रांची जीपीओ में शनिवार को केडी राय की अध्यक्षता में ऑल इंडिया पोस्टल-आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई. इसमें निर्णय लिया गया कि झारखंड पोस्टल सर्किल यदि एक माह के अंदर पोस्टमैन- मेलगार्ड के जनवरी 1996 से बढ़े हुए वेतन का बकाया भुगतान नहीं करता है, तो भूख हड़ताल की जाएगी.

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आज की विषम परिस्थितियों में पेंशन पर खतरा मंडला रहा है. सरकार हमें भी एनपीएस के दायरे में लाना चाहती है. राज्य सचिव एमजेड खान ने कहा कि कोष की उपलब्धता के बाद मेडिकल क्लेम की मंजूरी मिल जाने की संभावना है. इसके लिए एसोसिएशन प्रयासरत है. बैठक में एमजेड खान के आलावा विमल किशोर,पूर्व वरीय डाक अधीक्षक साधन कुमार सिन्हा,राज्य अध्यक्ष रंगनाथ पांडे, संजय कुमार पाठक, केडी राय व्यथित, अनिल प्रसाद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे.



## दो-दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

# कार्यशाला में 500 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

संवाददाता। रांची

डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस, नई दिल्ली व सीबीएसई, सीओई, पटना के तत्वावधान में दो-दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. डीएवी हेहल, डीएवी कपिलदेव एवं डीएवी गांधीनगर में आयोजित कार्यशाला में लगभग 500 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया.

कार्यशाला के दूसरे दिन संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष, डॉ. कमल बोस ने 'संचार' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षक का काम विद्यार्थियों के अंदर ज्ञानार्जन की लालसा जगाना है. क्योंकि एक शिक्षक मनोवैज्ञानिक की भूमिका निभाता है, इसलिए हर शिक्षक का कर्तव्य है कि वह विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से सही दिशा में अग्रसर करें.

**शिक्षण नौकरी नहीं, समाज का स्तंभ है : एमके सिन्हा :** दूसरे सत्र में रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जेबी पाण्डेय ने 'साहित्य की प्रयोजनीयता और मानव कल्याण' विषय पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया. वहीं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण सेंटर के ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर सह डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि शिक्षण एक सेवा, पेशा या नौकरी नहीं है, यह समाज का एक स्तंभ है. इसलिए आप सभी अपने-अपने विषयों की अच्छी तरह तैयारी कर कक्षा शिक्षण को बेहतर बनाएं.





### कार्यशाला का उद्देश्य सुधार करना : संजय कुमार मिश्रा

सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन- 'जे' व क्षेत्रीय प्रशिक्षण सेंटर के क्लस्टर हेड संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला एक प्रभावशाली दृष्टिकोण है, जो शिक्षकों को एक छात्र के रूप में सीखने के साथ उनके लेखन व पाठन का संपादन करती है. इसलिए इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण प्रणाली को सुधारना और शिक्षकों को एक कुशल शिक्षक बनाना है. इस मौके पर एसके सिन्हा, किरण यादव, संजीत कुमार मिश्रा, तपन घोष, विवेकानंद घोष, मनोजेश्वर कुमार, बुबुन शरण, रोशी बाधवानी आदि उपस्थित थीं.

### मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा ने मांगी अग्रिम जमानत

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए रांची सिविल कोर्ट में गुहार लगायी है. राजेश कोड़ा ने अपने अधिवक्ता जयशंकर तिवारी के माध्यम से कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है. उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में 1 अप्रैल को सुनवाई होगी.

# 2 करोड़ की ठगी के आरोपी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने 2 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी व बुलेट शोरूम के संचालक सुमन कुमार को राहत मिली है. अदालत ने सुमन की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है. सुमन कुमार की ओर से अधिवक्ता विनय कुमार तिवारी ने बहस की. दरअसल गोड्डा की रहने वाली रेणु कुमारी ने सुमन कुमार के खिलाफ गोड्डा के नगर थाना में 2 करोड़ की ठगी करने और जान से मारने की धमकी देने समेत कई अन्य आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सुमन कुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगायी थी, जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई.

## झारखंड में जनता भाजपा को बताएगी औकात : झामुमो

# हेमंत सोरेन और केजरीवाल को साजिश के तहत किया गया जेल में बंद : बंधु

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को झामुमो के हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस की गयी. दोनों नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला किया. पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि देश में तानाशाही की स्थिति बनी हुई है, लोग काफी परेशान हैं. हमारे राज्य के हेमंत सोरेन को त्याग पत्र देना पड़ा, इसी तरह की घटना दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के साथ हुई है. 2024 के चुनाव के बाद इनके कितने लोग जेल जायेंगे, यह समझने की जरूरत है. ऐसे देश नहीं चलता है. झारखंड की जनता 2024 को चुनाव में भाजपा को औकात बता देगी.

वहीं सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएमएलए का उपयोग ईडी करती है. तीन लोगों को छोड़ कर किसी को गिरफ्तार कर सकती है, हेमंत जी को गलत ढंग से फंसाया गया. शराब घोटाला के 300 करोड़ का मनी ट्रेल कहा जा रहा है, लेकिन मिल नहीं रहा है. देश में लोकतंत्र को समाप्त करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, कांग्रेस की खातों को सील कर दिया गया. यह हमला देश के लोकतंत्र पर है, देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में सभी दलों को समान अवसर मिलना चाहिए. केंद्रीय जांच एजेंसी के मुखिया को क्यों नहीं हटाया जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति को इस ओर ध्यान देना चाहिए. विपक्षी दल के एक मुख्यमंत्री को उनके आवास से उठाया जा रहा है दूसरे को राजभवन से ईडी ले जा रही है.



### इंडिया गठबंधन ने दिल्ली में चुनाव आयोग को दिया पत्र

दिल्ली में चुनाव आयोग को इंडिया गठबंधन, वामदल, कांग्रेस सभी ने मिल कर पत्र दिया है, ताकि न्याय, कानून एवं संवैधानिक अधिकारों का पालन करते हुए चुनाव किया जाये. इसी से स्वतंत्र भारत का विकास संभव होगा.


CLASSIFIED


















www.lagatar.in


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान 32.6⁰ अधिकतम | 15.4⁰ न्यूनतम

रविवार 24 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 336 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




- एक्सएलआरआई के 68 वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन
- सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस अवार्ड से सम्मानित किये गये
- पासआउट 551 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट मिला

### एक्सएलआरआई का 68वां कन्वोकेशन : 14 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया

# विश्वगुरु बनने की राह पर भारत, एआई से होंगे बदलाव : एन. चंद्रशेखरन

आनंद मिश्रा। रांची/जमशेदपुर



एक्सएलआरआई में शनिवार को 68वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन व विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन शामिल हुए. समारोह में एक्सएलआरआई से पासआउट होने वाले 551 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. इसमें 14 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया. समारोह में एन चंद्रशेखरन को प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस अवार्ड से सम्मानित किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए एन चंद्रशेखरन ने सभी कहा कि भारत के विकास के लिए यह गोल्डेन टाइम है. हम विश्व गुरु बनने की राह पर हैं. देश की विकास दर तेज गति से आगे बढ़ रही है. टाटा ग्रुप ने हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रही है, जिसे गुजरात में धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में स्थापित किया जायेगा. इससे करीब 70,000 रोजगार भी मिलेंगे. उन्होंने टाटा ग्रुप द्वारा किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी जानकारी भी दी. इस अवसर पर एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित थे.

### आज हम चाईना को पीछे छोड़ने की ताकत रखते हैं : नरेंद्रन

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें. कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. उन्होंने जीयो पॉलिटिकल परिस्थिति में क्लाइमेट चेंज पर भी अपनी बातों को रखा.

### किस कोर्स के कितने स्टूडेंट हुए ग्रेजुएट

- फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट– 13
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट– 176
- बिजनेस मैनेजमेंट – 209
- जेनरल मैनेजमेंट ( 15 माह प्रोग्राम ) – 113
- पीजीडीएम इन मैनेजमेंट ( इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योर )– 40

### एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए इन्हें मिला मेडल

- बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट– नंदिनी गोयल
- बेस्ट ऑल राउंड वीमेन स्टूडेंट– नंदिनी गोयल
- आउटगोइंग एफपीएम स्टूडेंट– गरिमा मल्लिक
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम– मयंक नागपुरकर
- सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम– प्रतिपन्ना अनुभव
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम– केसीराजू लोकेश
- सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम– श्रीनिवास एस
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ जीएमपी– अनुराग कुमार
- एक्सएलआरआई मेडल फॉर सोशल इनिशिएटिव– महक शर्मा, अर्जुन पांडे, अमन वर्मा, धनंजय गजानन कदम, कार्तिका वी जे, मनीषा मंडल.

### सनसनी : दिनदहाड़े कपड़ा मंडी में गोलीबारी से मची अफरा-तफरी







# गढ़वा-पलामू के आतंक छोटू की रांची में गोली मारकर हत्या

**रांची में रह कर जमीन का भी कारोबार कर रहा था, पत्नी के साथ आया था ईद की खरीदारी करने**

- गोली मारने वाले की पहचान मिंटू और साबिर के रूप में हुई

सौरभ सिंह। रांची

गढ़वा और पलामू के मोस्ट वांटेड अपराधी बजरुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज की शनिवार को राजधानी रांची के एमजी रोड से सटे चर्च रोड में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी. डेली मार्केट थाना क्षेत्र के चर्च रोड फर्स्ट स्ट्रीट (कपड़ा मंडी) में दिन के साढ़े तीन बजे सरेआम गोलीबारी से बाजार में अफरा-तफरी मच गई. वारदात उस वक्त हुई, जब बजरुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज अपनी पत्नी व बच्चे के साथ ईद के त्योहार को लेकर कपड़ा मंडी में कपड़ा खरीदने पहुंचा था. चर्च रोड थर्ड स्ट्रीट के भीड़भाड़वाली कपड़ा मंडी में पहुंचते ही दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे अपराधियों ने बजरुद्दीन को गोली मार दी. घटना के संबंध में आशंका जताई जा रही है कि आपसी रंजिश में ही छोटू रंगसाज की हत्या की गई है. बताया जाता है गढ़वा-पलामू पुलिस के बजरुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज सिरदर्द बना हुआ था. उसके खिलाफ दोनों जिलों के अलग-अलग थानों में 30 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. घटना की सूचना पाकर सिटी एसपी, कोतवाली डीएसपी, लोअर बाजार, डेली मार्केट,कोतवाली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर आसपास के दुकानदारों से जानकारी ली.

### छोटू का पीछा करते हुए अपराधी पहुंचे कपड़ा मंडी

मारा गया अपराधी बजरुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज मूल रूप से पलामू जिले का रहने वाला था. वर्तमान में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित मौलाना आजाद कॉलोनी में रह कर जमीन का कारोबार भी कर रहा था. छोटू की हत्या करने के लिए अपराधी काफी दूर से उसका पीछा कर रहे थे. जैसे ही छोटू बाइक से कपड़ा मंडी पहुंचा, अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. छोटू की गर्दन में और पेट में गोली लगी. गोली लगने के बाद उसे नजदीकी हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### ईद की खरीदारी के लिए कपड़ा मंडी पहुंचा था

बताया जा रहा है कि जमीन के कारोबार से जुड़ा बजरुद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज अपनी पत्नी के साथ ईद के लिए कपड़ों की खरीदारी करने कपड़ा मंडी आया था. पुलिस ने बताया कि उसका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है. उसने गढ़वा- पलामू में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है. पिछले सात साल से वो रांची में रहा रहा था और मौलाना आजाद कॉलोनी में रह कर कांके,चंदवे इलाके में जमीन का कारोबार कर रहा था.गढ़वा- पलामू की आपराधिक वारदातों के सिलसिले में पुलिस को उसकी तलाश थी, इसलिए वह रांची आकर रह रहा था.

### डेली मार्केट थाना प्रभारी सस्पेंड

गढ़वा और पलामू के मोस्ट वांटेड अपराधी छोटू रंगसाज की दिनदहाड़े हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने डेली मार्केट थाना प्रभारी को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

### गढ़वा- पलामू का मोस्ट वांटेड अपराधी था छोटू



मारा गया अपराधी छोटू रंगसाज पलामू और गढ़वा जिला का मोस्ट वांटेड अपराधी था. उसके खिलाफ पलामू और गढ़वा जिले के अलग-अलग थाने में कुल 30 मामले दर्ज थे. पलामू में गुड्डू खान पर बम से हमला करने के मामले में वह मुख्य आरोपी था. पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दोनों अपराधियों की पहचान मृतक युवक की पत्नी ने की है. जिसकी पहचान मिंटू और साबिर के रूप में हुई है. दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है. आपसी रंजिश को लेकर छोटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है.

### हत्या के एक वर्ष के बाद पुलिस ने दबोचा था

मारा गया अपराधी छोटू चर्चित सेल्स मैनेजर अंजनी कुमार सिन्हा हत्याकांड का आरोपी था. 18 जून 2022 को पलामू टाउन थाना क्षेत्र के रेड़मा के इलाके में एक मोटर पार्ट्स कंपनी के सेल्स मैनेजर अंजनी कुमार सिन्हा की गोली मारकर हत्या कर दी थी.हत्या के एक वर्ष बाद 18 जून 2023 को मुख्य आरोपी छोटू रंगसाज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. वह पिछले एक वर्ष से फरार था और गढ़वा में पनाह लिए हुए था.

### इधर, घटना के समय पुलिस मेन रोड में ही कर रही थी फ्लैग मार्च



रांची शहर में शनिवार को पुलिस ने पर्व-त्योहार को लेकर फ्लैग मार्च किया, लेकिन उसी समय बीच शहर में एक अपराधी की हत्या हो गई.

### होली पर रहें सावधान

# जांच में फेल 11 होटल रेस्टोरेंट को नोटिस

संवाददाता। रांची



होली पर्व के मद्देनजर रांची में मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर जिला प्रशासन काफी सतर्क है. मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ पिछले तीन दिनों से शहरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है, जो होली तक जारी रहेगा. अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में संबंधित थाना क्षेत्र के सहयोग से टीम ने 20, 21 और 22 मार्च 2024 को शहर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट व मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर सैंपल जांच की. टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के साथ तीन दिनों में विभिन्न मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट आदि में कुल 168 फूड सैंपल की जांच की, जिसमें जांच में फेल 13 प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया.

**इन क्षेत्रों में चलाया गया जांच अभियान :** टीम द्वारा 20 मार्च को डंगराटोली व लालपुर क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों व रेस्टोरेंट की जांच की गई. 21 मार्च को रिम्स, कचहरी रोड, मेन रोड और 22 मार्च को कांके रोड के मिठाई दुकानों व रेस्टोरेंट के सैंपल की जांच की गई. इस दौरान जांच में फेल हुए खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया व संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस तामिला किया गया. टीम द्वारा एक्सपायरी डेट को लेकर 90 फूड पैकेट का भौतिक निरीक्षण भी किया गया.

### इन्हें दिया गया नोटिस

1. द होड कैफे, डंगराटोली
2. फ्लेम्स, डंगराटोली
3. द पीपरी, डंगराटोली
4. क्विकबाइट, डंगराटोली
5. चिकन प्लाजा, डंगराटोली
6. सेकेंड वाइफ रेस्टोरेंट, डंगराटोली
7. अमरीक होटल, डंगराटोली
8. गुप्ता भोजनालय, रिम्स के सामने
9. आशीर्वाद होटल, रिम्स के सामने
10. द ग्रेट इंडियन कैफे, कांके रोड
11. ला पिनोज पिज्जा, कांके रोड
12. कुप्पुस्वामी, कांके रोड
13. मुंडा होटल, कांके रोड

# पूर्व आईजी देव बिहारी शर्मा भाजपा में शामिल



**रांची ।** लोजपा युवा मोर्चा एवं आंबेडकर जन संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम और पूर्व आईजी देव बिहारी शर्मा शनिवार को भाजपा में शामिल हो गये. भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ पार्सटी की सदस्यता ग्रहण की. मरांडी ने सभी नेताओं का स्वागत किया. कहा नए सदस्यों के आने से पार्टी मजबूत होगी. उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन पर भी हमला किया. भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से दिलीप करमाली, विशाल राम, अमित श्रीवास्तव, अमित वर्मा, अमरनाथ कुमार, आशुतोष पाठक, रंजन राम, चुन्नू कुमार, शंकर कालिंदी, एहसान रजा, पवन महतो, संजू कुमार शामिल हैं.

### सपना चौधरी का जलवा...



रांची में होली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में सपना चौधरी.

**निरीक्षण** कई नक्सली वारदात में शामिल रहा है पतिराम मांझी, चुनाव को लेकर दिए गए कई जरूरी निर्देश

# एक करोड़ के इनामी नक्सली के गांव पहुंचे आईजी, डीआईजी व एसपी

संवाददाता। रांची

नक्सलियों के गढ़ में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करने को लेकर पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी में जुट गयी है. इसी क्रम में बोकारो जोनल आईजी माइकल राज एस, हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर और गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का निरीक्षण किया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मधुबन में सीआरपीफ और जैप के कैंप भी गये. इसके बाद पुलिस अधिकारी केंद्रीय कमेटी के मेंबर और एक करोड़ इनामी नक्सली पतिराम मांझी के गांव जाकर बूथ का निरीक्षण किया. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बात की और बिना डर के वोट देने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया.



### पारसनाथ पर्वत पर जाकर नक्सल गतिविधियों की जानकारी ली

आईजी, डीआईजी और एसपी पारसनाथ पर्वत पर जाकर नक्सल गतिविधियों की भी जानकारी ली. करीब डेढ़ घंटे तक पारसनाथ पहाड़ी के कई क्षेत्र का पुलिस पदाधिकारियों ने दौरा किया. इसके बाद नक्सल प्रभावित पीरटांड़ की कई बूथों में जाकर सुरक्षा-व्यवस्था समेत अन्य नक्सल गतिविधियों के बारे में जानकारी ली. पीरटांड़ इलाके का निरीक्षण करने के बाद आईजी और डीआईजी गिरिडीह पहुंचे और समाहरणालय में एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी. बैठक के दौरान नक्सल गतिविधियों समेत अन्य कई मुद्दों पर भी मंत्रणा हुई. बैठक में पुलिस अधिकारियों ने पारसनाथ क्षेत्र में संचालित कैंप और एक्टिव नक्सलियों की गतिविधियों की जानकारियां ली. इस दौरान गिरिडीह एसपी को कई दिशा- निर्देश दिये. होली और रमजान को भी शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की बात कही.

**झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार है पतिराम मांझी :** अनल दा उर्फ पतिराम मांझी झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार है. पतिराम मांझी गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है. बीते दो साल में पतिराम मांझी ने साजिश रचकर एक के बाद एक तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है. इन नक्सली वारदात में 12 पुलिस के जवान शहीद हुए. पतिराम मांझी झारखंड पुलिस के अलावा एनआईए की रडार पर भी है. झारखंड पुलिस ने पतिराम मांझी पर एक करोड़ इनाम घोषित किया है. वहीं एनआईए ने उस पर पांच लाख का इनाम घोषित कर रखा है. पतिराम मांझी की तलाश में राज्य पुलिस के साथ सीआरपीएफ, जगुआर पुलिस, कोबरा बटालियन जुटी हुई है.

## शहर में आज

1. खजूर पर्व को लेकर संत मरिया गिरजाघर में कार्यक्रम सुबह सात बजे से
2. खाटू श्याम मंदिर में होली पर कार्यक्रम सुबह नौ बजे
3. होली पर कार्यक्रम डिबडीह बाईपास के कार्निवल बैंक्वेंट हॉल में सुबह 11 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### जनता के साथ होली मनाएंगे संजय सेठ

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ अपने परिवार और लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ होली मनायेंगे. होली पर रांची लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर लोगों के साथ होली खेलेंगे और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठायेंगे. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे. होली के पहले से ही सांसद होली के रंगों में रंग चुके हैं. पिछले एक हफ्ते से सांसद होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ता, पत्रकारों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में होली का आनंद उठा रहे हैं.

### श्रीशिव बारात आयोजन समिति का होली मिलन



**रांची।** पहाड़ी मंदिर में शनिवार को श्रीशिव बारात आयोजन समिति का होली मिलन हुआ. महाकाल का गार कर सभी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महाआरती उतारी। इसके बाद अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेली गयी. सभी ने एक-दुसरे को बधाईयां देते हुए सब के लिए पहाड़ी बाबा से मंगल कामनाएं कीं. अध्यक्ष राजेश साहू , दीपक लाल, गगन कुमार , दीपक नंदा , मेहुल प्रसाद, बादल सिंह, राजकुमार तलेजा, उर्मिला चौधरी, रंजीत विहारी, अर्चना मिर्धा , राम सिंह, जयंत मिश्रा, स्वप्ना चटर्जी, मीरा गुप्ता, मीरा सिंह, राजीव वर्मा, अंशु तिवारी, किरण तलेजा, सुनील यादव, शुभाशीष चटर्जी, रंजीता पांडेय, अमन सिंह, सोनी, प्रकाश पांडेय ने आयोजन में योगदान दिया.

#### लोकसभा चुनाव को लेकर समाहरणालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिला निर्वाची पदाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

# सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करायी जाएं तमाम न्यूनतम सुविधाएं

**संवाददाता। रांची**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की. मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराने के निर्देश दिये. बैठक में जिले के सभी अंचलाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपीडीओ और संबंधित चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया. डीइओ ने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) के संबंध में प्रखंडों को निर्देश दिया.

कहा गया कि मतदान केंद्रों पर शौचालय और स्नानघर सुनिश्चित करें कि सभी शौचालय साफ हों और उपयोग के लिए योग्य स्थिति में हों. नहाने और शौचालय के लिए पानी की उपलब्धता, हाथ धोने और अन्य उपयोगों के लिए छोटे साबुन उपलब्ध कराएं. बाल्टी तथा मग अवश्य रखें. यदि भौतिक शौचालय पर्याप्त न हों तो मोबाइल शौचालय की संभावना तलाशें. पीने का पानी स्वच्छ पेयजल के लिए स्टील के गिलास के साथ मिट्टी के बर्तन (2-3), स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को पुनः जारी रखें. मतदान कर्मियों को बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया जाए तो और भी बेहतर होगा. भोजन तीन बार- सुबह 6-7 बजे नाश्ता, दोपहर 12-1 बजे दोपहर का भोजन, 4-5 बजे चाय-नाश्ता. एमडीएम कर्मचारी उपरोक्त वर्णित अनुसार तीन बार बुनियादी भोजन उपलब्ध कराएं (पेमेंट बेसिस पर खाना दिया जाएगा). इसके अतिरिक्त, उस पंचायत में भोजन व नाश्ते के लिए एक आपूर्तिकर्ता, दुकान को टैग करें. पोलिंग बूथ के अन्दर उसका नाम और संपर्क नंबर चिपकाएं. मतदान के दिन से पहले ही आपूर्तिकर्ता को भोजन की आवश्यकता के बारे में सूचित करें. मतदान दल द्वारा आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाएगा.

### पोलिंग पार्टी के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो

डीइओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए मतदान दल के बैठने के लिए पर्याप्त टेबल और कुर्सियों की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया. इसके साथ तमाम आवश्यक जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित हो, जिसमें कमरे की सफाई, सोने की व्यवस्था, गद्दा और तकिया व्यवस्थित करें. मच्छरनाशक कॉइल और माचिस अन्य सम्बंधित व्यवस्था मतदान केंद्रों में सुनिश्चित करने को कहा. वहीं सम्बंधित निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निशक्तजन की सूची बनाएं, जो मतदान केंद्र में मतदान करने आने में सक्षम नहीं हैं, ताकि उनके लिए मतदान घर पर ही कराने की व्यवस्था करायी जा सके. वहीं हर मतदान बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी. खास करके संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मतदान केंद्रों में तैनात रहेंगे. कहा गया कि वे और वरीय पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (ए.एम.एफ.) एवं अन्य व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करेंगे.

#### मुस्तैदी : विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा रांची जिला प्रशासन

# होली पर किसी भी हालत में न बिगड़े विधि-व्यवस्था : डीसी

**संवाददाता। रांची**



इस वर्ष होली 24 से 26 मार्च तक मनायी जा रही है.इस अवसर पर रांची जिला प्रशासन विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है. इसी क्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने होली के अवसर पर विधि-व्यवस्था को लेकर आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि होली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, किन्तु यह भी आवश्यक है कि जो व्यक्ति होली खेलना नहीं चाहे, उसके साथ होली नहीं खेली जाए. खासकर महिलाओं के साथ उक्त अवसर पर अभद्रता नहीं होनी चाहिए. होली के अवसर पर हुड़दंगियों, आपसी झगड़ों और नशापान कर गाड़ी चलाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी संबंधित थाना प्रभारी, यातायात पुलिस पदाधिकारी द्वारा रखी जाए, ताकि किसी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके एवं परि-शांति बनी रहे. नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाये.

**आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो :** डीसी ने कहा कि लोकसभा (आम) निर्वाचन की घोषणा हो चुकी है तथा आदर्श आचार संहिता लागू है. प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी इस दौरान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो तथा यदि कोई ऐसा मामला पाया जाता है तो उस पर सम्यक विधिक कार्रवाई की जाए. सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल एवं अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर विधि-व्यवस्था संघारण सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि निरोधात्मक कार्रवाई अक्सर झूठी अफवाहों के कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाया करती है. अतः अफवाहों का अविलम्ब निराकरण करते हुए तत्काल यथोचित नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है. जो अनावश्यक अफवाह फैला कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें, वैसे साम्प्रदायिक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई संबंधित थाना के थाना प्रभारी करना सुनिश्चित करेंगे. सभी थाना प्रभारी असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने हेतु आसूचना का संग्रहण करेंगे एवं लोक परिशांति भंग करने वालों के विरुद्ध 107 दप्रसं तथा अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे.

### होलिका दहन के मौके पर पूरी सतर्कता बरतें

थाना प्रभारी गश्ती के माध्यम से होलिका दहन कार्यक्रम के अवत्तर पर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी प्रकार की दुर्घटना या विवाद न होने पायें. इस पर्व की अवधि में यदा-कदा चन्दा वसूलने, असामाजिक तत्वों के अभद्र व्यवहार, लोगों पर जबरदस्ती कीचड़, धूल, रंग, अबीर आदि लगाये जाने एवं अश्लील होली गायन आदि को लेकर भी अप्रिय घटनाएं होने को समस्या रहती है. इस पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है. वहीं जिला के सभी शराब दुकानों को एक दिन (होली मुख्य दिन) बन्द रखना सुनिश्चित करेंगे. उनको यह भी निर्देश है कि उक्त अवधि में अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध गहन छापामारी कर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की सभी प्रभावी कार्रवाई अपने स्तर से करेंगे. सिविल सर्जन, रांची आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक एम्बुलेंस, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं सभी आवश्यक दवा एवं उपकरण के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में उपरोक्त अवधि में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे. अग्निशमन पदाधिकारी, रांची एक-एक अग्निशमन दस्ता संबंधित कर्मचारियों के साथ पिस्का मोड़, मोरहाबादी मैदान, डोरण्डा थाना, एकरा मस्जिद, कांके चौक, बुण्डू, थाना एवं जिला नियंत्रण कक्ष 02 अग्निशमन वाहन में प्रतिनियुक्त करेंगे. जो होली पर्व की शांतिपूर्ण समाप्ति तक रहेगा.

**खास बातें**

- जो होली खेलना नहीं चाहता उसके साथ होली न खेलें
- हुड़दंगियों व नशापान कर गाड़ी चलानेवालों पर होगी कार्रवाई

### सरला बिरला स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड एग्जिबिशन

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए एक आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी 'कैलिडोस्कोप' का आयोजन किया. प्रदर्शनी में बच्चों ने पाठ्यक्रम को एक श्रृंखला में प्रदर्शित किया, जो कला के साथ एकीकृत था. उन्होंने मिट्टी, कागज, प्लास्टिक और जूट बैग से बनी शिल्प का प्रदर्शन किया. सोहराई, मधुबनी और डोकरा जैसे पारंपरिक कला रूपों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई. विभिन्न अनुभवजनित शैक्षणिक यात्राओं पर आधारित परियोजनाओं को भी प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया. आकर्षण का मुख्य बिंदु लाइव पेंटिंग काउंटर था. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की रचनात्मकता, कड़ी मेहनत की सराहना की.

### सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** शहादत दिवस पर शनिवार को सैनिक संस्था की रांची महानगर ईकाई के तत्वावधान में रातू रोड देवी मंडप रोड हेसल सरोवरनगर में वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू ने तिलक, माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक स्वर से देश भक्ति गीत गाये. इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व सैनिक रामजी प्रसाद, ऋषभ कुमार, आयुष कुमार, मुन्ना कुमार, आयुष कुमार अग्रवाल, कृष कुमार, राजू कुमार सिंह, सत्यम कुमार, प्रेरणा, आयुषी कुमारी, खुशी कुमारी, अनुषा कर्ण, ममता कुमारी, वैष्णवी, अन्वी कुमारी आदि मौजूद थे.

## हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र भवनों के नाम बदले

**संवाददाता। रांची**

हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र के भवनों के नाम बदले गये हैं. रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान केंद्र के भवनों के नाम में परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है, जिसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया सह अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने उपलब्ध कराया था. अपर जिला दंडाधिकारी के प्रस्ताव पर निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका को कंडिका 2.11 के तहत स्वीकृति प्रदान की गयी है. रांची डीसी ने निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया को बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य माध्यमों से आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का आदेश दिया है. साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य दलों से बीएलओ व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया गया है.

**मतदान केंद्र की संख्या और नाम**

- (पूर्व) 275 – क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-1, (परिवर्तित) 275 – कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-1
- (पूर्व) 276 – क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-2, (परिवर्तित) 276-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-2
- (पूर्व) 277- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-3, (परिवर्तित) 277-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-3
- (पूर्व) 278- क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-4, (परिवर्तित) 278-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-4
- (पूर्व) 282-सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुंदाग रोड, (परिवर्तित) 282- विवाह मण्डप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-1
- (पूर्व) 283-सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुन्दाग रोड, (परिवर्तित) 283- विवाह मण्डप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-2
- (पूर्व) 246- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-1, (परिवर्तित) 246-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-9
- (पूर्व) 247- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-2, (परिवर्तित) 247-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-10
- (पूर्व) 248- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-3, (परिवर्तित) 248-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-11
- (पूर्व) 249- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-4, (परिवर्तित) 249-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-12
- (पूर्व) 250- उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-5, (परिवर्तित) 250-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-13

## रांची की सांस्कृतिक विरासत बहुत अच्छी : एसएसपी



**संवाददाता। रांची**

होली को लेकर शनिवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय में आयोजित की गई. बैठक में एसएसपी रांची चंदन सिन्हा, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक, शहर सह ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, संबंधित पुलिस पदाधिकारी और विभिन्न शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे. बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने की बात कही गई. बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने रमजान के दौरान होलिका दहन एवं होली सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की बात कही. समिति के सदस्यों द्वारा शराब दुकानें बंद रखने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई करने, रैश ड्राइविंग पर लगाम लगाने सहित कई बातें रखी गई. एसएसपी ने बैठक में कहा कि रांची की सांस्कृतिक विरासत काफी अच्छी है. उन्होंने कहा कि हमेशा से रांची में भाईचारे के साथ अच्छे वातावरण में त्योहार संपन्न होते हैं, इस बार भी सभी के सहयोग से त्योहार संपन्न होगा. बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर सह ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की ओर से जिन बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया. उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि रैश ड्राइविंग पर लगाम लगाने के लिए चेकनाका की संख्या बढ़ायी जाएगी.

#### शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव सफल बनाने को लेकर रांची नगर निगम की बैठक

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श

**संवाददाता। रांची**



लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता एवं आम नागरिकों को मतदान के प्रति उत्साहवर्धन को लेकर रांची नगर निगम ने शनिवार को उप प्रशासक अनवर हुसैन की अध्यक्षता में निवास कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई. बैठक में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे. बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए यह चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए इसे प्राथमिकता के तौर पर लिया जाए तथा अपने अपने परिवार, आस-पास के लोगों, परिजनों आदि को इसके प्रति जागरूक करने का कार्य करें. उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रांची नगर निगम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा सोशल मिडिया के माध्यम से लोगों को 25 मई को रांची में मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है. उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि मतदान दिवस के दिन अपने मतदाता होने के कर्तव्यों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करें और मतदान जरूर करें. बैठक में वोटर हेल्पलाइन ऐप तथा सी-विजिल ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई. मौके पर मतदान जागरूकता हेतु उप प्रशासक ने सभी को मतदान दिवस के दिन मतदान करने की शपथ दिलाई. साथ ही सभी को स्वीप से संबंधित स्टिकर तथा विभिन्न बैनर का वितरण किया गया.

उप प्रशासक ने बताया गया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए निगम की ओर से तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल एक अमृत की तरह है तथा जल सरंक्षण हर एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसकी शुरुआत अपने घर से ही करें. अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का अधिष्ठापन करना सुनिश्चित करें जिससे भू-जल को नियमित रूप से रिचार्ज किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने निजी जीवन में जल की बर्बादी न करें तथा जल का उपयोग अपने दैनिक जरूरतों के हिसाब से उचित प्रकार से करें. उनके द्वारा बताया गया कि रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाये जा रहे है तथा कुड़ा संग्रहण करने बाली गाड़ियों में भी जिंगल के माध्यम से लागों को जागरूक किया जा रहा है। अतः नागरिकों से अपील है कि अपने सामाजिक जिम्मेदारियों के अंतर्गत अपने निजी आवासों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि से निकलने वाले गीले एवं सूखे कूड़े को अलग-अलग डस्टबीन में रखना सुनिश्चित करें एवं कुड़ा संग्रहण करने वाली गाड़ियों में गीले एवं सूखे कूड़े को अलग-अलग करके ही दें. राजस्व संग्रहण के संदर्भ में उप प्रशासक द्वारा बताया गया कि रांची के नागरिकों के द्वारा होल्डिंग कर के भुगतान में अपने जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुए ससमय कर का भुगतान किया गया है.

**खास बातें**

- मौजूद लोगों को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी
- स्वीप से संबंधित स्टिकर और बैनर-पोस्टर का वितरण

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में होली

**रांची।** होली सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है. यह बात आनंदमयी सिंह ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही. उन्होंने कहा कि होली जीवन को खुशियों के रंग से भर देती है. विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन पंचम सिंह ने सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं. मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि इस समय प्रस्फुटित होने वाली कोपलें और पलाश के रक्तिम फूल गतिशीलता तथा जीवन के रंगों का प्रतीक हैं. इससे पहले शिक्षकों ने होली पर आधारित गीत, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत की.

**Before the Notary Public, Ranchi**

**AFFIDAVIT**

I, Rupa Bhattacharjee W/o Ashim Bhattacharjee, R/o HouseNumber4C, Jagat bandhu Apartment 45 Peace Road, Lalpur-Kokar Road Lalpur Ranchi G.P.O. Ranchi Jharkhand-834001. Aadhar No. 9116 4402 4571 do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That my maiden name is Rupa Kumari Goswami.
2. That I got married to Ashim Bhattacharjee on 19/04/2016 at CD/283/ Sector-2 P.O. Dhurwa Dist. Ranchi vide marriage certificate having number 969/16 dated 09.08.2016issued by Registrar Ranchi Govt. of Jharkhand. After marriage my name is Rupa Bhattacharjee mentioned in my Aadhar no. 911644024571 and Rupa Goswami mentioned in Pan.
3. That I have a Bank account in SBI HEC Sector-2 Branch A/c No. 20041472422 in the name of Rupa Kumari Goswami which is joint account with my father amrendra Nath Goswami but I put my signature as Rupa Goswami.
4. That I state that Rupa Kumari Goswami, Rupa Goswami and Rupa Bhattacharjee is the name of one and the sane person and that is myself.

Hence I am swearing this Affidavit as same person of all the names above mentioned. All statemente made above are true to my knowledge and belief Sworn & signed at Ranchi on 15/03/2024.

Aff. No. 67/15.03.24

**कड़ी नजर**

#### रांची के अंचल कार्यालय के प्रथम तल्ले पर होगा प्री-सर्टिफिकेशन का कार्य

# लोस चुनाव के निष्पक्ष संचालन को लेकर एमसीएमसी का गठन

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ. एमसीएमसी शहर अंचल कार्यालय रांची के प्रथम तल्ला में कार्य करेगा. इसका गठन प्री-सर्टिफिकेशन का कार्य और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए किया गया है.

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व एमसीएमसी से पूर्वानुमति आवश्यक होगी. कोई भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, कोई व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह, एसोसिएशन, ऑर्गनाईजेशन, ट्रस्ट अगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो एमसीएमसी को आवेदन देना होगा. रजिस्टर्ड राजनीतिक दल के प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से तीन दिन पूर्व व अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के सात दिन पहले एमसीएमसी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा.




लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 127-ए के तहत पोस्टर व पम्पलेट मुद्रण व विज्ञापन के संबंध में आवश्यक निर्देश भी जारी किया गया है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के अनुसार, प्रिंट मीडिया विशेष रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित सेरोगेट विज्ञापन पर होने वाले व्यय को अभ्यर्थी के खर्च में जोड़ा जाएगा, जिसके पक्ष में विज्ञापन जारी किया गया है. विज्ञापन यदि संबंधित उम्मीदवार की सहमति से जारी या उसके संरक्षण में हो तो वैसे विज्ञापन उस उम्मीदवार द्वारा प्राधिकृत माने जाएंगे और उस खर्चे को उनके चुनाव व्यय खाते में जोड़ा जाएगा. अगर इस तरह के विज्ञापन उम्मीदवार द्वारा प्राधिकृत नहीं हैं तो प्रकाशक या समाचार एजेंसी के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 H के तहत कार्रवाई की बात कही गई है.

पोस्टर पम्पलेट पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता दर्ज होना अनिवार्य है. साथ हील पम्पलेट कितनी संख्या में छपाया गया,ये भी लिखना है.

प्रकाशक से घोषणा पत्र (दो प्रति में) प्राप्त करना अनिवार्य है, जिस पर स्वयं प्रकाशक का हस्ताक्षर व दो अन्य व्यक्ति (जो उसे पहचानते हो) द्वारा अभिप्रमाणित रहे और मुद्रण कार्य समाप्ति के दो दिनों के अंदर प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति के साथ, प्रकाशित सामग्री की प्रति, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजा जाना अनिवार्य होगा.

### अर्थ आवर डे: राजभवन में लाइट ऑफ





अर्थ आवर डे के अवसर पर शनिवार की शाम राजभवन में विद्युत उपकरणों को बंद कर पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया.

# कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एवं रिसर्च सेन्टर

## मरीजों को उचित मार्गदर्शन के साथ पूरे शरीर का उत्तम इलाज



**बदलते दौर में लोग विभिन्न प्रकार की समस्याओं का शिकार होते जा रहे हैं। मौजूदा समय में तेजी से फैलने वाला कोरोना संक्रमण हो या किसी प्रकार का जीवनशैली विकार, लोगों का जीवन अनेकों बीमारियों से घिरता जा रहा है। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है। अच्छी मेडिकल सुविधाओं पर हर व्यक्ति का अधिकार है, इसी सोच के साथ झारखण्ड स्थित डॉ. ए.के. पाठक, अपने नर्सिंग होम द्वारा जरूरतमंदों के लिए बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ. ए.के. पाठक, जनरल मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ हैं तथा उनके नर्सिंग होम में किसी विशेष अंग नहीं बल्कि पूरे शरीर का उपचार किया जाता है। अक्सर प्राथमिक चिकित्सा के लिए मरीज को मेडिसिन विशेषज्ञ के पास ही जाना होता है। शुरू में ही यदि बीमारी की उचित जांच द्वारा उसकी स्थिति और गंभीरता का पता चल जाए तो इलाज बेहतर होता है, इसलिए भी मेडिसिन विशेषज्ञ की जिम्मेदारी अधिक है।**

### मरीजों की उचित देखभाल

यह नर्सिंग होम रोगियों का इलाज व उचित मार्गदर्शन करने, सामुदायिक दायित्वों तथा मरीजों की हर प्रकार से सहायता के लिए समर्पित है। इस नर्सिंग होम द्वारा लोगों को प्राथमिक देखभाल के लिए मेडिसिन से संबंधित नैदानिक सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। जीवनशैली से संबंधित विभिन्न बीमारियां जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदय और उच्च रक्तचाप रोगों के प्रबंधन के लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा जुकाम, बुखार, पेट व फेफड़ों से सम्बंधित सामान्य रोगों के उपचार के लिए यहां उचित व्यवस्था मौजूद है। यह नर्सिंग होम इस क्षेत्र के लोगों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराता है तथा अनेकों लोग प्राथमिक इलाज के लिए इसी क्लीनिक पर निर्भर करते हैं। कई सालों से अपनी शानदार सुविधाओं और अच्छी चिकित्सा प्रणाली के द्वारा यह नर्सिंग होम लोगों के बीच भरोसेमंद उपचार का केंद्र बना हुआ है।

### प्राथमिक देखभाल का प्रमुख प्रदाता

ज्यादातर गंभीर समस्याओं की शुरुआत सामान्य लक्षणों से होती है। ऐसे में एक योग्य चिकित्सक ही लक्षणों द्वारा सही बीमारी की जांच और इलाज के लिए उचित परामर्श दे सकता है। मेडिसिन विशेषज्ञ रोगियों के लिए प्राथमिक देखभाल का प्रमुख प्रदाता होता है। यह नर्सिंग होम मरीजों के उत्तम इलाज के लिए प्रतिबद्ध है। ये नर्सिंग होम प्रत्येक रोगी की समस्याओं को सुनने तथा गंभीर और जटिल बीमारियों को सम्बोधित करने के लिए समर्पित है।

### जरूरतमंदों के उपचार की व्यवस्था

आज विश्व बहुत से संक्रामक रोगों और विभिन्न प्रकार के जीवनशैली से सम्बंधित बीमारियों का समाना कर रहा है। जानकारों की सलाह से उचित जीवनशैली और स्वस्थ भोजन की आदतों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इन बीमारियों का असर हर वर्ग के लोगों पर हुआ है लेकिन अभी भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग इलाज से वंचित रह जाते है। बहुत बार इलाज में देरी उनकी मृत्यु का करण भी बन जाती है। इस नर्सिंग होम में गरीब तबके के लोगों के लिए उचित उपचार की व्यवस्था मौजूद है। साथ ही यहां इलाज की लागत कम से कम होती है तथा इलाज के बाद व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही फीस ली जाती है। यदि व्यक्ति फीस देने की स्थिति में नहीं है तो उसका मुफ्त इलाज किया जाता है।



### आयुष्मान भारत का उठा सकते हैं लाभ

यह नर्सिंग होम भारत सरकार की योजना आयुष्मान भारत की सेवा लोगों को उपलब्ध कराता है ताकि अधिक से अधिक लोग अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पाएं। इस क्लीनिक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही लोगों को रोगमुक्त बनाना है तथा उन्हें एक बेहतर जीवन देने के लक्ष्य से लगातार यहाँ कार्य किया जा रहा है और डॉ. ए.के. पाठक द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के जरिये जन–जन को लाभ पहुंचाने का प्रयास हो रहा है।

### उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित

इस नर्सिंग होम द्वारा मरीजों को हर प्रकार की विशेष और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। साथ ही पैसों के अभाव में किसी के उपचार को रोका नहीं जाता तथा समय–समय पर जरूरी सुधार कर चिकित्सा प्रणाली को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा बिना समय गवाए मरीजों का तुरंत इलाज किया जाता है। इस क्लीनिक में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए उचित परामर्श एवं उच्च स्तरीय सेवाएं उपलब्ध है।



हमारे नर्सिंग होम द्वारा कई सालों से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। यहां पेट या फेफड़ों की आम समस्याओं एवं जुकाम–बुखार आदि जैसी परेशानियों के लिए उचित परामर्श दिया जाता है। इसके अलावा मरीजों की शारीरिक जांच, बीमारी की गंभीरता का पता लगाना, इलाज करना और विभिन्न रोगों से रोकथाम के उपायों के बारे में लोगों को शिक्षित एवं जरूरी चिकित्सीय सलाह दी जाती है। अनेकों लोग हमारे क्लीनिक की सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं तथा इसी तरह हम आगे भी अपनी सेवाओं को जरूरतमंदों एवं मरीजों को बेहतर जीवन देने के उद्देश्य से जारी रखेंगे।

**निदेशक**
**कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एवं रिसर्च सेन्टर**
**झाखराटांड, रातू, रांची**

**पता : झाखराटांड़, रातू, सम्पर्क नं. : 7250870590**

Advt.



## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# Shree Construction



Near Plaza Chowk, East Jail Road and Beside Debuka Nurshing Home
Burdhwan Compound, Lalpur, Ranchi
**Dayanand Complex**, Main Road, Ranchi
Ph : **9334965657/ 9155817899**

### महादानी मैदान के रंगमंच पर सरना सनातन होली मिलन समारोह का आयोजन किया

# लोक कलाकार मोतीलाल ने लोगों को खूब झुमाया

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मैदान के रंगमंच पर सरना सनातन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव मांदर की थाप और होली के गीतों के बीच प्रसिद्ध लोक कलाकार मोतीलाल गुप्ता के साथ खुब झूमें. इस मौके पर उन्होंने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी. इस मौके पर मोतीलाल गुप्ता सहित झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकारों ने होली के गीतों का अदभुत समां बांधा. उन्होंने अपने गीत .... श्री वृन्दावने हरि बसियां बजाय मुरारी... सभे गोपिन रिझे अकुलाय और श्याम बिना ब्रजनारी कहैं सभे मनमारी ... कहिया भेठाबंय श्याम चन्दे रे गुनी गुनी मन प्राण कान्दे... से लोगों को खूब आकर्षित किया. इस मौके पर भाजपा के लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने कहा कि होली बिना भेदभाव के सभी लोगों के साथ मिलजुल कर रहने तथा समाज में खुशियों का संदेश देने वाला रंगों का त्यौहार है. वहीं गंगोत्री कुजूर ने कहा कि होली के रंग लोगों में खुशियों के रंग भरती है. यह उत्साह और उल्लास का त्यौहार है. वहीं भोगेन सोरेन ने कहा कि होली लोगों को जोड़ने का काम करती है. एक दूसरे से कैसे मिलजुल कर रहें. यह संदेश देता है. कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनाथ तिग्गा ने भी लोगों को शुभकामनाएं दी. इस मौके पर प्रभारी ओम सिंह, हिंदु जागरण मंच के वाणी कुमार राय, भवानी शरण सिंह, नवदीप कुमार महतो, अनिल उरांव, जगन्नाथ भगत, तेजू दास, राजीव रंजन अधिकारी, राजेश साहु, नकुल राम महथा, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ, आकाश रक्षित, रमेश प्रसाद गुप्ता, मनोज साहु, राजेश कुमार सहित कई लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. छोटों ने बड़े बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया.

### ज्ञानदीप विद्या निकेतन में होली मिलन समारोह का आयोजन

# बुराई पर अच्छाई की जीत है होली : रूपलाल

संवाददाता। पिपरवार



सीसीएल पिपरवार अंतर्गत किचटो पंचायत के तरवां स्थित ज्ञानदीप विद्या निकेतन विद्यालय बाराडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया . इस होली मिलन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपलाल महतो और संचालन शिक्षक जगदीश महतो ने किया . होली मिलन समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा होली के गीतों पर नागपुरी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई . समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपलाल महतो ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत ही रंगों का त्यौहार होली हैंइसे सभी लोगों के साथ मिलजुल कर मनाए और खास कर इस होली के त्यौहार में प्राकृतिक पेड़ पौधों में लगे फूलों का रंग ही एक दूसरे को लगाए साथ ही नशा पान से दूर रहे तभी होली का आनंद लिया जा सकता है .इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी . इइस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सीनियर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा . कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक जगदीश महतो जगदीश कुमार महतो रोशन कुमार महतो तेजनाथ कुमार महतो ऑस्कर खलको सुनीता कुमारी सविता कुमारी प्रवीणता लुगुन सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने लोगों को खूब गुदगुदाया, सुरेंद्र शर्मा ने कहा

# देश मांगता एक ही दान, तुम केवल कर दो मतदान

समीर चक्रवर्ती। रांची



कवि सुरेंद्र शर्मा ने सुनाया- झारखंड में एक आदमी भांग के नशे में भैंस पर ही रंग लगाता रहा जब हाथ पूंछ पर गया तो बोला -रामू की मां रोज दो चोटी बनती है, आज एक ही चोटी बनाई





होली के मौके पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि राजकुमार गाड़ोदिया, विशिष्ट अतिथि मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कवि सम्मेलन का उद्घाटन ने दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल अग्रवाल, विनोद जैन, ललित कुमार पोद्दार, पवन शर्मा, पवन पोद्दार, रतन मोर,किशोर मंत्री, मनोज बजाज, कमल जैन, अनुप अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कवि सम्मेलन में पधारे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी , राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी एवं कवियत्री साक्षी तिवारी का होलियाना अंदाज में सब्जी की माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोंमेटो देकर स्वागत किया.

कवि विनोद अग्रवाल ने सम्मेलन का संचालन करते हुए हंसी के फव्वारे की बौछार करते तीखे वाण व्यंग्य का मधुर संगम पेश किया. हास्य रस के विख्यात कवि सुरेंद्र शर्मा ने अपनी चुटीली हास्य कविताओंऔर अपनी चार लाइणै लुगाई पर कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया. अपनी कविता में सुनाया- झारखंड में एक आदमी भांग के नशे में भैंस पर ही रंग लगाता रहा, जब हाथ पूंछ पर गया तो बोला -रामू की मां रोज दो चोटी बनती है, आज एक ही चोटी बनाई.

उन्होंने सुनाया- जिंदगी हंसने के लिए है, हजार टेंशन है इसमें, हंस लीजिए तो सारे टेंशन रफूचक्कर हो जाएंगे

चुनावी मौसम है, नेता तो एक-दूसरे के मुंह पर कालिख मलेंगे, कपड़े भले सफेद पहनेंगे

लेकिन वह विपक्षी नेता के बारे में चाहते हैं कि उनके कपड़े और चरित्र दोनों मैले हों, इसी जुगाड़ मे सभी नेता लगे- भिड़े रहते हैं.

उन्होंने सुनाया- देश मांगता एक ही दान तुम केवल कर दो मतदान, राम शबरी का झूठा बेर खा सकता है, पर सबरी राम के मंदिर में क्यों नहीं जा सकती, मैं आजतक नहीं समझ पाया कि जो मेरा गंदगी उठाता है, वह मेरे से गंदा कैसे हो सकता है.

कवि सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी,राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी ने भी अपने अपने तीखे व्यंग्य से दर्शकों को खूब गुदगुदाया. ठहाके देर रात तक लगते रहे. कवियों ने अपने अलबेला अंदाज से लोगों को हंसा -हंसा कर लोटपोट कर दिया.

#### शहर के ये गणमान्य लोग मौजूद थे

कवि सम्मेलन का3000 से भी अधिक लोगों ने लुफ्त उठाया. बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं. कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन ललित कुमार पोद्दार ने किया. इससे पहले स्वागत भाषण करते हुए समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने कहा कि समिति विगत 8 वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन करा रही है. अब तक देश के कई नामी-गिरामी हास्य कवियों ने इस आयोजन में शिरकत की है. यह आठवां आयोजन है. मौके पर सांसद संजय सेठ, मनीष रंजन,रणेंद्र कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, राजेश्वर नाथ आलोक, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, महावीर सोमानी, पवन पोद्दार, कमल जैन,रतन मोर, पवन शर्मा, किशोर मंत्री, राजेश भरतिया, निर्भय शंकर हारित, कौशल राजगढ़िया, संतोष अग्रवाल, मनोज बजाज,मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनोज सिंघानिया, राजेंद्र भुजानिया, कुणाल अजमानी, पंकज पोद्दार, जेपी सिंघानिया, कमल सिंघानिया, रविंद्र मोदी, सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल, मनीष लोधा, अमित बजाज, रौनक झुनझुनवाला, पुनीत पोद्दार, अनूप अग्रवाल, सनी टिबड़ेवाल,सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### हिंडालको परिसर में होली मिलन में फाग गीतों की धूम



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हिंडालको परिसर में शुक्रवार के दिन संध्या 7 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था. होली मिलन समारोह में हिंडाल्को के वरिष्ठ अधिकारी उनके परिवार एवं सिल्ली-मुरी के सभी पत्रकार अपने परिवार संग शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन भरत सिंह ने किया. सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी. फाग गीतों का श्रोताओं ने उठाया आनंद.

### पिंकी फाउंडेशन ने बरवाडीह पहाड़ी मंदिर में चलाया सफाई अभियान



**ओरमांझी।** बरवाडीह के युवा संघ ने निर्मित गैर सरकारी संगठन पिंकी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में ऋषभ किशोर, प्रथम सिंह, सिकेंद्र कुमार , विष्णु यादव , चेतन वर्मा आदि ने मंदिर के गंदे प्रांगण की साफ सफाई कर पहाड़ी मंदिर को प्लास्टिक गार्बेज जोन बनाया है. ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वच्छता की भावना को मजबूती प्रदान करते हैं और एक आदर्श स्थापित करते हैं कि किस तरह हम सब मिल कर अपने आस-पास के परिवेश को बेहतर बना सकते हैं.

### पंचायत सचिवालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**ओरमांझी।** पंचायत सहायक ने सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को चकला पंचायत सचिवालय में किया. इस समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायत सहायकों ने यह संकल्प लिया गया कि पंचायत में सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल में उतारने का कार्य करेंगे.मौके पर मुख्य रूप से अलखनाथ महतो, अरविंद महतो, मोहसिन रजा, मुबारक अंसारी, तिलाल बेदिया, रमीज रजा, सफीक अंसारी, लुखमन अंसारी मुख्तार अंसारी, नजबूल हक, अनिल महतो, रमा साहू, रीता देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे.

### सोनाहातू अंचल कार्यालय में जमकर खेली गयी होली



**सोनाहातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सोनाहातू में शनिवार को होली की छुट्टी से एक दिन पूर्व होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ.इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामना एवं बधाइयां दी.मौके पर अभिषेक चक्रवर्ती, बसंत कुमार महतो, रविंद्र कोईरी, महावीर मुंडा, जनसेवक, निखिल कुमार गोप, सौरभ कुमार, अविनाश कुमार, शशिभूषण मुंडा, जितेंद्र प्रसाद, अंनत हजाम, बसंत कुमार गुप्ता, सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

### केसरवानी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत में केसरवानी वैश्य समाज ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया . समारोह की अध्यक्षता संतोष केसरी और संचालन पवन केसरी ने किया. समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशरवानी समाज के अध्यक्ष दिनेश केशरी,उपाध्यक्ष राजेंद्र केसरी, सचिव अभिमन्यु केसरी, आदित्य केशरी,उप सचिव संतोष केसरी,कोषाध्यक्ष शिव केसरी,उप कोषाध्यक्ष रामजी केसरी, सहित केसरवानी वैश्य समाज के सदस्यों सहित काफी संख्या में महिला पुरुष बच्चे मौजूद थे.

### इटकी में सजी गुलाल और पिचकारी की दुकानें



**इटकी।** रंगों के पर्व होली को लेकर इटकी में दुकानें व साप्ताहिक शनिवार बाजार सज चुका है. दुकानों पर रंग-गुलाल, सजावटी कैप, पिचकारियों, टी-शर्ट आदि से सज गए है. होली को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है, होली के त्योहार को उल्लास और मस्ती का प्रतीक माना जाता है. लोग खुलकर होली खेलने के लिए खासे उत्साहित है, पहले के मुकाबले इस बार रंग गुलाल के दामों में तेजी आई है.

## ब्रीफ खबरें

### मुरी में भगत सिंह का शहादत दिवस मना

**सिल्ली /मुरी।** शहीद चौक बड़ा मुरी में शनिवार के दिन शहीदे आजम भगत सिंह,सुखदेव एवं राजगुरु का 93 वीं शहादत दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड अरुण महतो ने किया, तथा मुरी सिल्ली लोकल कमेटी सचिव कामरेड अमर महली ने भगत सिंह के प्रतिमा पर मल्यार्पण करके पुष्पांजलि दिया तथा उनके जीवनी पर अपनी बातें रखी. इसी क्रम में कमारेड चितरंजन महतो ने भी अपनी बातें रखी. शहादत दिवस पर कामरेड दीपक सोनार, अकलू महतो, पी एल कुम्हार, सदानंद सोनार,शशि शंकर, अमित कुमार, संतोष महली, रजनीकांत, मो. कलाम समेत सैकड़ों साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए.

### मुर्गा लदा पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त,एक की मौत

**सोनाहातू।** सिल्ली-टीकर-जमशेदपुर सड़क पर डिबाडीह गांव के समीप शनिवार सुबह 3 बजे के आसपास अज्ञात वाहन के टक्कर में पॉल्ट्री मुर्गा लदा पिकअप वैन दुर्घटना ग्रस्त हो गया. टक्कर काफी जोरदार था जिस कारण सीट में बैठा हुआ खलासी की मौके पर तत्काल तत्काल मौत हो गया. घटना की सूचना पर सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार घटनास्थल पर पहुँच कर शव को काफी मशक्कत के बाद पिकअप से बाहर निकाले. घायल चालक भीमदेव राय के अनुसार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया.

### इटकी प्रखंड कार्यालय में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**इटकी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड सह अंचल की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी.मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार,सीआई, सनी बाखला, धीरज लकड़ा, विकास कुमार, शैंपू प्रसाद गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, रीता कुमारी, सौरभ कुमार, रामप्रसाद भगत, सुरेश टोप्पो, बिरसा उरांव, धर्मदास टोप्पो , रंजन ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे.

# खूब झूमे छात्र-छात्राएं, एक दूसरे को लगाया खूब रंग



संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को भारी उत्साह और उल्लास के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार की देखरेख में शिक्षकों और बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों ने होली गीत पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया. इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों से कहा कि केमिकल युक्त रंगों का अधिक उपयोग से बचना चाहिए क्योंकि केमिकल से त्वचा में इसका बुरा असर हो सकता है उन्होंने पूरी सावधानी के साथ घरों में होली खेलने की सलाह दी . उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं. होली एक प्रमुख त्योहार है. होली आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है. होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है. होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं बल्कि हमारे धार्मिक संस्कृति का प्रमुख अंग है. हमें अपनी संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए. भारतवर्ष में विविधताओं के बीच एकता का प्रतीक पर्व और त्योहार विचारों के साथ हमें हमेशा तरोताजा रखती है. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थे.

### देश पीएम मोदी के हाथों सुरक्षित : उरांव

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग

सम्पूर्ण भारत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है. देश की जनता इस बात को भली भांति समझती है. उक्त बातें भाजपा नेता और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित उम्मीदवार तथा पूर्व सांसद समीर उरांव ने लापुंग में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही. समीर उरांव ने कहा कि जनसंघ के समय से ही कार्यकर्ता संघर्ष करते रहे हैं. उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया. पिछले कई चुनावों में लडाई के दौरान कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी की तरह पार्टी का संबल बने रहे. उन्होंने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने और केंद्रीय नेतृत्व ने मुझपर विश्वास जताया है और हमें उनके विश्वास पर खरा उतरना है. के सपनों को साकार करने के लिए स्वावलंबी भारत के लक्ष्य को पूरा करने की जरूरत है. वहीं दुःखहरण सिंह ने अध्यक्षता किया. कार्यक्रम को मांडर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी ओम सिंह, भाजपा नेता किशोर साहु, भाजपा की पूर्व विधायक और चुनाव संयोजक गंगोत्री कुजूर, एस टी मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी भोगेन सोरेन, भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा, दिल्ली से आए भाजपा नेता आनंद साहु, रामनारायण भगत, एससी मोर्चा के प्रदीप महली, जिपषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, शशी देवी, सीता देवी, राधा देवी, मुखिया दुर्गा उरांव आदि शामिल थे.

# झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को लगातार दूसरे वर्ष मिला सम्मान

**ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की विभिन्न बीमारियों के लिए संस्था ने सर्वश्रेष्ठ जनजागरुकता अभियान चलाया था**



सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी का राष्ट्रीय अवार्ड लेते झारखंड नेत्र सोसाइटी के पदाधिकारी.

संवाददाता। रांची/ कोलकाता

कोलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को 100 से 500 सदस्यों की श्रेणी में एजुकेशनल एवं साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया. सम्मान को चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी एवं मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य डॉ. भारती कश्यप, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य डॉ. बीपी कश्यप, सेक्रेटरी डॉ. एसके मित्रा एवं प्रेसिडेंट डॉ. राज मोहन ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया. रामकृष्ण मिशन अस्पताल के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा, ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरबंश लाल एवं अमेरिका के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. उदय देवगन ने यह सम्मान प्रदान किया.

मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि झारखंड नेत्र सोसाइटी के बैनर तले संथालपरगना, पलामू , उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, कोल्हान के दूरदराज के क्षेत्रों में नेत्रदान, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और डायबिटिक रेटिनोपैथी के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया. कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, रिम्स, बोकारो जनरल हॉस्पिटल एवं सीसीएल गांदीनगर अस्पताल के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ वेट लैब द्वारा सर्जिकल प्रशिक्षण भी दिया गया.

### उषा मार्टिन ने महिला सशक्तीकरण की पहल, की जगी उम्मीद की नयी किरण

# महिलाओं के विकास से ही उज्ज्वल भविष्य संभवः बागची

संवाददाता। नामकुम



समाज का भविष्य कैसा बनाना चाहते है, यह महिलाओं के विकास से ही निर्धारित होगा. आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित बनाया जा सकता है. उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभी तक 110 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग, टैली और ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया गया है. इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है. फाउंडेशन की प्रबंधक प्रिया बागची ने बताया कि महिला शक्ति को अपनी क्षमता की पहचान करनी होगी. इसके बाद घर से बाहर निकलकर प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करना होगा, ताकि वह एक साथ घर और बाहर की दोहरी भूमिका को सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके. उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों की महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण एव कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके. अभी तक तीन सौ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को खेती-बारी, मशरूम, मछली एवं मुर्गी पालन से जोड़ा गया है. इसके अलावा 70 से अधिक महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है. 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है. इसके अलावा अभी वर्तमान में सोलर पैनल और इलेक्टीशिन का कोर्स चलाया जा रहा है जिसमें 30 गांव के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है.

#### खास बातें

- गांवों की 250 से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा
- ग्रामीण महिलाओं को मशरूम, मछली वमुर्गी पालन से जोड़ा गया

#### नकदी फसल से किसानों को जोड़ा गया

किसानों को नकदी फसल के साथ अब फलदार एवं जंगली वृक्षों की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया है . अनगड़ा के दिनेश महतो ने आधा एकड़ जमीन में आम का पेड़ लगाया है . आठ किसानों को स्ट्रोबेरी, 25 से अधिक किसानों को तरबूज, खरबूज, सूरजमुखी एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज मुहैया कराया गया . इसके अलावा 16 गांवों के चार सौ से अधिक किसानों को गरमा एवं शब्जी के बीज मुहैया कराया गया है .



होली की मस्ती

## युवाओं में चढ़ा होली का खुमार, जमकर झूमे-नाचे



**हर्षोल्लास से मनाई होली** रांची के कार्निवल में जमकर खेली गई होली. काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए. सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी. इस दौरान सभी ने होलियाना अंदाज में गाने पर डांस किया और मस्ती की. होली से पहले ही युवतियों ने रंगोत्सव का आनंद उठाया. रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर समारोह में पहुंची युवतियों का होलियाना अंदाजा कुछ अलग ही था.

### 26 को हर्षोल्लास से खेली जाएगी रंगों भरी होली

# होलियाना रंग से सराबोर हुई राजधानी

संवाददाता। रांची

रंगों भरी होली का त्योहार वैसे तो मंगलवार को मनाया जायेगा, लेकिन राजधानी की फिजा में होलियाना रंग अभी से चटक हो गया है. शनिवार को स्कूल-कॉलोजों और दफ्तरों सहित चौक-चौराहों पर इसकी दमक आम देखने को मिली. कहीं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यावसायी संगठनों ने होली मिलन समारोह का खास आयोजन किया गया तो कहीं कवि सम्मेलन की धूम रही. शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सजे होली के बाजार का क्या कहने. रंगों और पिचकारियों की बड़ी रेंज के साथ नकली बाल, मास आदि का खूबसूरत कलेक्शन देखते ही मन मोह रहा है. रविवार की रात नेम-निष्ठा से होलिका दहन किया जायेगा. उदयमान तिथि में पूर्णिमा के मिलने से होली का त्योहार नहीं मनाया जायेगा. होलिका यूं ही पड़ी रहेगी. 26 मार्च को चैत्र प्रतिपदा में सनातनी हर्षोल्लास से रंगो भरी होली खेलेंगे. आपसी प्रेम, भाइचारे और हुड़दंग के इस त्योहार को लेकर चहुंओर उमंग, उत्साह के साथ मस्ती का माहौल छाया है. बताया जाता है कि रविवार की रात 10:27 तक भद्रा रहेगी. भद्रा युक्त पूर्णिमा में होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत नहीं है. अतः भद्रा समाप्त होने के बाद होलिका दहन किया जा सकता है.



### होली बाजार है गुलजार, हर तरफ बिक रहे हैं रंग और गुलाल

राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों पर जगह-जगह होली का बाजार गुलजार है. शनिवार को पिस्का मोड़, रातू रोड, अपर बाजार के अलावा शहर के विभिन्न इलाकों में रंगों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ रही. रंग बिरंगी पिचकारियां और तरह तरह के मुखौटे ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं. कोई मंलिगा और करीना स्टाइल के बाल खरीद रहा है तो किसी को मोदी का मुखौटा पसंद है. गीले रंगो के साथ अबीर और गुलाल भी बिक रहा है. पर्व त्योहार जहां एक ओर उत्सव का महौल तैयार करता है, वहीं इससे बेहतर बाजार भी बनता है. मौज-मस्ती और हुड़गंद का त्योहार होली भी करोड़ों के व्यापार का सौगात लेकर आता है. व्यावसायियों को इस बार भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है. अपर बाजार के रवि अग्रवाल, सुरेश पोद्दार आदि थोक विक्रेताओं के अनुसार रांची में इस बार आठ से दस करोड़ रुपए के रंग और होली आदि के सामान बिकने की संभावना है.

## छुट्टी से पहले विद्यार्थियों ने दोस्तों संग मनाई होली

**रांची।** होली से पहले कॉलेज स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने दोस्तों के संग होली मनाई. सभी कॉलेज व स्कूलों में शनिवार के बाद छुट्टियां शुरू हो गईं. छुट्टी में सभी विद्यार्थी होली मनाने अपने घर जाएंगे. इस वजह से दोस्तों के साथ अबीर पहले ही खेल ली. रांची के सड़कों पर शनिवार के दिन स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने मित्रों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. अबीर के रंग में सराबोर होकर, होली है, हैप्पी होली बोलकर एक दूसरे के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया. रांची के राज्य पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने मिलकर अबीर खेली और दोस्तों के यादगार पलों को कैमरे में कैद किया.



### श्रीमहावीर मंडल के होली मिलन में जमकर उड़े रंग और गुलाल



**रांची।** श्रीमहावीर मंडल, बड़ा तालाब के होली मिलन समारोह में शनिवार को खूब रंग-गुलाल उड़ा. श्रीमहीवर मंडल रांची और श्रीमहावीर मंडल रांची महानगर सहित शहर के अन्य मंडलों के पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया. सदस्यों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी. बड़ा तालाब मंडल के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा संग आगंतकों ने दीप जला कर विधिवत समारोह का उद्घाटन किया. एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी. साथ ही श्रीराम और हनुमान जी के जयघोष के साथ इस बार भी ऐतिहासिक रामनवमी और मंगलवारी जुलूस निकालने का संकल्प दुहराया. मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, उपाध्यक्ष राज किशोर, सहमंत्री गोपाल सोन, उदय रविदास, पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, पूर्व मंत्री कैलाश केसरी, महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, मंडल धुर्वा के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, मंडल चुटिया के अध्यक्ष कृष्णा सहाय, श्रीराम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्रीचैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी शंकर दुबे, वरुण साहू, नकुल तिर्की, डॉ जीवाधन प्रसाद, राकेश सिंह, ज्योति शंकर साहू, श्रवण कुमार और कुणाल कुमार मौके पर मौजूद थे.

माह-ए-रमजान

## हर दौलतमंद पर जकात निकालना है बहुत ही जरूरी: अब्दुल माजिद

रेहान अहमद

**रांची।** हरमू हामीम मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि जकात हर सहाब ए नेसाब (दौलतमंद) पर साल में एक बार फर्ज है. हर शख्स को जकात का एक माह तय करना चाहिए कि हम सहाब ए नेसाब कब हुए. आम तौर पर लोग रमजान में ही जकात निकालते हैं. रमजान में लोग जकात इसलिए निकालते हैं कि इसका सवाब 70 गुना ज्यादा बढ़ जाता है. जिन्हें याद नहीं हो कि हम मालदार कब हुए तो उस शख्स के लिए किसी एक माह का तय करना चाहिए. यदि हम रमजान के माह को मान रहे हैं तो कुछ ज्यादा जकात निकालें और जकात को हिसाब से निकालें. अंदाजे से नहीं निकालें, कम होने पर गुनाह में शरीक होंगे. जकात इस्लाम के बुनियाद में से एक अहम हिस्सा है. जैसे नमाज है. नमाज फर्ज है, वैसे ही जकात भी मालदारों पर फर्ज (जरूरी) है. इसका नेसाब यह है कि साढ़े 52 तोला चांदी, जिसका मौजूदा वजन 612 ग्राम है, सात तोला सोना मौजूदा वजन 87.5 ग्राम है. मौलाना माजिद ने कहा कि जो जकात अदा नहीं करें, या हिसाब कर नहीं निकालें तो कुरआन पाक में सख्त वईद है कि कल कयामत के दिन उसके माल को गंजा सांप बना कर उस पर सवार कर दिया जायेगा.



नन्हे रोजेदार

### 12 साल की माएरा बड़ों की तरह रख रही है रोजा

**रांची।** पुंदाग निवासी माएरा जुबैरी पिछले दो साल से रोजा रख रही है. माएरा बहुबाजार स्थित बिशप स्कूल में कक्षा सात में पढ़ती है. बच्ची 12 साल की है. इस वर्ष माएरा पांच रोजा रखी है. माएरा रोजा रखने के साथ पाबंदी से नमाज व कुरआन पाक की तिलावत करती है. बच्ची की इस लग्न से घर परिवार के सारे सदस्यों में खुशी है. दूसरी ओर हिंदपीढ़ी सिटी पब्लिक स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा सिहरा जन्नत ने अपने चार रोजे पूरे किये हैं. बच्ची महज आठ साल की है. सेहरी में उठकर सेहरी कर नमाज की पाबंदी के साथ रोजा रखती है. कई बड़े रोजा छोड़ने के साथ एहतेमाम भी नहीं करते हैं. उन्हें इन नन्हें बच्चों से सीख लेने की जरूरत है. बच्ची रोजा नमाज के साथ स्कूल भी पढ़ने के लिये जाती है. हर काम नियम के साथ करती है.





## ख्रीस्त समुदाय के लिए खजूर रविवार है आशा का प्रतीक

**रांची।** खजूर रविवार को पाम संडे के नाम से भी जाना जाता है. यह दिन ख्रीस्त समुदाय के लिए खास होता है. खजूर रविवार के साथ ख्रीस्त समुदाय के लोग पवित्र सप्ताह (पुण्य सप्ताह) में प्रवेश करते हैं. यह रविवार ठीक पास्का रविवार या ईस्टर से पहले का रविवार होता है. बाइबल के अनुसार ख्रीस्तीय विश्वासी यीशु मसीह के यरुशलम में प्रवेश करने की घटना को स्मरण करते हैं. बताया जाता है कि जब यीशु मसीह यरुशलम में प्रवेश कर रहे थे तो विश्वासी लोग यीशु के स्वागत में उनके रास्ते में खजूर की डालियां लहराकर कपड़े बिछाए थे. इस दिन यीशु का शांति के दूत के रूप में स्वागत करने के लिए खजूर की डालियों का उपयोग किया जाता है. इस प्रकार, खजूर रविवार शांति, आशा और नवीनीकरण का प्रतीक है. इस दिन को यीशु के दुःख भोग को क्रूस में चढ़ाए जाने के रूप में याद करते हैं. यही वजह है कि इस रविवार को दुःख के रविवार के नाम से भी जाना जाता है. साथ ही ख्रीस्तीय विश्वासी कलीसिया पुण्य सप्ताह में प्रवेश करते हैं. खजूर रविवार के दिन चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और मिस्सा का आयोजन किया जाता है.



### श्रीश्याम मंदिर में होली उत्सव कल

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में सोमवार को होली उत्सव मनाया जा रहा है. श्रीश्याम मित्र मंडल इसका आयोजन कर रहा है. उत्सव में श्रद्धालु श्रीश्याम के दरबार में जमकर गुलाल उड़ायेंगे. एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली होली की बधाई देंगे. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सुबह दैनिक पूजन और पंच आरती के बाद सवा नौ बजे से होली का उत्सव प्रारंभ होगा, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा. इसके बाद खाटू नरेश की शंख आरती उतारी जायेगी. शाम साढ़े चार बजे प्रभु को नवीन बागा धारण कराया जायेगा. भक्तगण मनोरम पुष्प श्रृंगार करेंगे. रूद्राभिषेक होगा. शाम सात बजे ग्वाल होगा.

## बार-बार होने वाले ब्रेन ट्यूमर का पारस में सफल ऑपरेशन

संवाददाता। रांची

बार-बार होने वाले ब्रेन ट्यूमर का पारस अस्पताल के डॉ. सचिन ने सफल ऑपरेशन किया. इस बीमारी से पीड़ित 55 साल की महिला मरीज प्रेमा देवी की स्थिति अब बेहतर है. महिला पारस अस्पताल के डॉ. सचिन और उनकी टीम को धन्यवाद दे रही हैं. डॉ सचिन ने बताया कि महिला मिर्गी और सिर दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थीं. महिला ने डॉक्टर को बताया कि 12 साल पहले बनारस में ब्रेन के लेफ्ट हिस्से के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था. इसके बाद तुरंत महिला को एमआरआई कराने की सलाह दी गई. एमआरआई रिपोर्ट में पता चला कि ट्यूमर फिर से हो गया है, जो मस्तिष्क के दोनों हिस्सों में है. ट्यूमर की वजह से प्रमुख खून की धमनियां भी प्रभावित हो रही हैं. डॉक्टर ने महिला को तुरंत सर्जरी कराने की सलाह दी. इसके बाद डॉ सचिन ने अपनी टीम के साथ महिला की इस जटिल सर्जरी सफलता पूर्वक की. सर्जरी के बाद मरीज को कोई भी न्यूरोलॉजिकल डेफिसिट नहीं हुआ.



### खजूर पर्व पर गिरजाघरों में होगी विशेष आराधना

**रांची।** गलेलिया से पैदल मार्च करते हुए प्रभु यीशु यरुशलम पहुंचे थे. यीशु का स्वागत खजूर की डाली से किया गया था. इसी को याद करते हुए मसीही समुदाय चालीसा काल के रविवार को खजूर पर्व के रूप मनायेंगे. धर्म बहनें प्रभु यीशु का जयजयकार करेंगी. रविवार को सुबह छह बजे मसीही समुदाय लोयला मैदान में जुटेंगे. पैदल मार्च करते हुए संत मरिया महागिरजाघर पहुंचेंगे. सबसे आगे वेदी के सेवक होंगे. इसके पीछे पुरोहितगण समेत बिशप शामिल होंगे. जहां पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो की अगुवाई में विशेष आराधना होगी. आर्च बिशप विसेंट आइंद मसीही धर्म बहनों को उपदेश देंगे.

न्यूज अपडेट

### कॉलेज में वॉल ऑफ फेम का अनावरण

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना और आईक्यूएसी ने स्वयंसेवकों की भूमिका और जिम्मेदारी बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अभिजीत डे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताया. समाज के लिए क्या जिमेदारियां हैं उसके बारे में बताया. फादर रवि हेमंत कुजूर ने कहा कि अगर समाज में कुछ बदलाव करना है तो ख़ुद को अलग दिखाना चाहिए. कहा कि सरल कार्य को भी नये तरीके से करना चाहिए. कार्यक्रम में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिर्बान गुप्ता के साथ 30 विद्यार्थियों ने भी भाग लिया. वहीं संत जेवियर्स कॉलेज अंग्रेजी विभाग में वॉल ऑफ फेम का अनावरण किया गया.



### क्षत्रिय परिवार का होली मिलन समारोह

**रांची।** बरियातू के पूजा श्री बैंक्वेट हॉल में क्षत्रिय परिवार बरियातू द्वारा होली मिलन सह क्षत्रिय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया. कार्यक्रम में रांची के क्षत्रिय परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित हुए. प्रति वर्ष की भांति लगातार तीसरे वर्ष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. मौके पर शिवानी सिंह, रणधीर सिंह, संजीत सिंह, राज कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजय सिंह, पंकज सिंह, प्रशात सिंह, विजेन्द्र सिंह, पप्पु सिंह रौनक सिंह आदि ने जमकर मस्ती की.



होलिका दहन

### अपर चुटिया डोल जतरा स्थल पर एक दिन पूर्व ही हुआ पारंपरिक होलिका दहन

# भक्तों ने किया होलिका दहन, कलाकारों ने मोहा मन

संवाददाता। रांची

अपर चुटिया डोल जतरा स्थल पर शनिवार की रात परंपरा का निर्वहन करते हुए एक दिन पूर्व ही होलिका दहन किया गया. रात साढ़े दस बजे नये वस्त्रादि धारण कर अजीत पाहन जतरा स्थल पहुंच, फरसे से वार कर अरंडी की डाली काटने की रस्म पूरी की. फिर श्रीराम मंदिर, चुटिया में आरती के बाद अगजा जलाया गया. मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने चैत्र प्रतिपदा के आगमन के पूर्व सभी के लिए मंगल कामना की. इसके बाद अगजा पर लोक कलाकारों ने होली का रंग जमाया. गुंजवन मंडली के मुकुंद नायक, मनपुरन नायक के नेतृत्व में कलाकारों ने होलियाना मूड में गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया. आयोजन समिति की ओर से ठंढ़ई बांटा गया. मुख्य संरक्षक विजय कुमार साहू, अध्यक्ष विजय तिर्की, पूर्व पार्षद राजेंद्र साहू, कैलाश केशरी, गन्नाथ साहू, विश्वनाथ सिंघानिया, संजय साहू, नीरज साहू, आशिष साहू, छोटू शर्मा, आनंद राम साहू, विनोद श्रीवास्तव, सुदेश, नरेश, रूद्र, भोला महतो, मोनू सिंह, राजू सिंह, आदित्य मोहन, बंधन साहू, गोल्डी, अमित, पप्पू शर्मा, अमनश्री, उमंग साहू, विकास साहू, शेरू साहू आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.



### पारंपरिक फग डोल जतरा 26 को

चुटिया के जतरा मैदान में मंगलवार को सुबह से दिन के एक बजे तक वृंदावन की तर्ज पर होली खेली जायेगी. इसके बाद स्नान-ध्यान कर लोग श्रीराम मंदिर, चुटिया आयेंगे. दिन के दो बजे श्रीराम, लखन और माता जानकी को डोली में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जायेगा. शोभायात्रा के रूप में श्रद्धालु पहले राम चबुतरा आयेंगे. यहां भगवान को अबीर चढ़ाया जायेगा. इसके बाद लोग बड़े-बुजुर्ग के चरणों में अबीर-गुलाल डाल कर आशीर्वाद लेंगे. हम उम्र वाले एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई देंगे. बाद में अन्य मंदिरों के विग्रहों को भी डोली में सजा कर भक्तगण डोल जतरा मैदान, अपर चुटिया आयेंगे. नृत्य-गीत के साथ रंगोत्सव का खूब रंग जमेगा.

### छात्रों को मिला प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्देश

**रांची।** जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2023-24 के लिए रांची जिला में 110 छात्रों का चयन हुआ है. सभी चयनित छात्रों को प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पत्र लिखा है. छात्रों को अवॉर्ड की राशि मिली या नहीं, इसकी जांच करने को भी कहा गया है. इस प्रतियोगिता का आयोजन इन्सपायर अवॉर्ड-मानक स्कीम के तहत किया जाता है. इसके लिए सबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक को भी निर्देश दिया गया है. उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है. इसमें पहले जिला स्तर का कार्यक्रम किया जाता है. जिला स्तर में क्वालीफाई करने के बाद, राज्य स्तरीय लेवल में छात्र पहुंचते हैं.

### हरमू में शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी

**रांची।** शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर हरमू स्थित भगत सिंह पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर भगत सिंह फाउंडेशन के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर लोगों ने उनके विचारों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के जयशंकर चौधरी, सुभाष चंद्र प्रसाद, अनंत प्रसाद गुप्ता, दिलीप सिंह, अनुज तिवारी, रवींद्र सिंह, बिट्टू, समर नाथ सिन्हा, महानंद यादव, प्रवीण परिमल, मनोज शर्मा, शंभु, चंदन, कुंवर, इबरार अहमद, अकिलुर्रहमान नबाब, प्रदीप प्रसाद, रामचंद्र, रमेश प्रसाद सहित ढेर सारे गणमान्य लोग उपस्थित थे.



# अनजाने पगध्वनि किसी की, गीत फागुनी बन कर आई



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**जब** चमन की एक-एक कली छिटक कर खिल जाये तो समझ लीजिए कि होली आ गयी. जब मंद पवन के कंधे पर बैठा उड़ता पराग किसी मुस्कराते सुमन से मिल जाये, तो समझ लीजिए कि होली आ गयी. वसंत की मस्ती जब चरम पर छा जाये तो समझ लीजिए कि होली आ गयी. जब आंखें चार होते ही दिल किसी पर आ जाये तो समझ लीजिए कि होली आ गयी. रंग लिये, भंग लिये, मधुर तरंग लिये आ गयी मचलती सी रुत मस्तानी है. एक रंग में ही सारे रंग गये बचा नहीं कोई यहां मूरख न कोई यहां ज्ञानी है. उमर का भेदभाव हो गया है छू-मंतर, बुढ़ापे में देखो कैसी खिलती जवानी है. बुरा कोई मानो नहीं, गैर इसे जानो नहीं, आ गयी ये होली सभी परबों की रानी है. रूप चाहे जितना भी क्यों न बदल ले होली तो बस होली ही है. फिर भी पुराने दिन की होली की याद तो आ ही जाती है. रांची की कवयित्री **मीरा सिंह** उसी पुराने दिन की होली को इन शब्दों में याद कर रही हैं-



एक दिन हुआ करता था, जब मैं भी
होली पर रंगों के साथ
अपनों का इंतजार किया करती थी वो
भी एक दिन हुआ करता था.
तब मां की रसोई में तरह तरह के
व्यंजनों के ढेर हुआ करते थे
और हम बच्चों की पैनी नजर उन पकवानों पर हुआ करती थी
वो भी क्या दिन हुआ करते थे.
अगजा के दिन से ही होली की हुदड़ंग, तब हम बच्चों में
शुरू हो जाया करती थी, तब मेरा एक ग्रुप हुआ करता था
जो मुहल्ले के लोंगो को रंगो से सारोबार किया करता था .
दिन में रंगों के साथ पुआ और मीट के चटकारे
और शाम को गुलाल के साथ दही बड़े और ठंढई
नये कपड़ों में सभी के घर जाना और गुलाल एक दूसरे को लगाना
बचपन की वो मस्तियां होली को और भी रंगीन बनाया करती थीं
तब वो भी क्या दिन हुआ करता था.
वर्तमान में भी मनती है होली, जो वाट्सएप के स्टेटस में ही
रह गई सिमटकर अब फोन से ही हैप्पी होली बोल
लोग मिलने से करने लगे किनारा हैं
रंग बदलते रिश्तों में देखा मैंने लोगों के चेहरे अब भावहीन हैं.
याद आती है मुझे मेरे बचपन की वो होली
जहां मेरा भी एक ग्रुप हुआ करता था.

मीरा जी घर परिवार को पूरी कुशलता के साथ संभालती हुई साहित्य सेवा के लिए भी पर्याप्त समय निकाल लेती हैं. इनका काव्य संकलन 'अनकही यादें' प्रकाशित हो चुका है, जिसमें 46 कविताओं और 30 क्षणिकाओं का संकलन किया गया है. इनकी रचनाधर्मिता को साधुवाद. जब होली में बादल बरसाने लगें रंग और हो प्रियतम का संग तो फिर आनंद का क्या कहना ! रांची की ही कवयित्री **लोकृति गुप्ता 'अनोखी'** होली को कुछ ऐसे ही दर्पण में देख रही हैं. उनकी कविता का शीर्षक है-रंगों की बरसे बदरिया.



रंगों की बरसे बदरिया तेरे संग ओ सांवरिया
लाल, हरा, नीला और पीला रंगों से रंगा फागुन अलबेला
चाहत की छलके मदरिया तेरे संग ओ सांवरिया
रंगों की बरसे बदरिया तेरे संग ओ सांवरिया
महकी- महकी माटी लागे रंग दो सबको जो बच के भागे
डगमग-डगमग करती डगरिया तेरे संग ओ सांवरिया
रंगों की बरसे बदरिया तेरे संग ओ साँवरिया
दही बड़ा, पुआ और बचका भांग ठंडाई से मन बहका
भींगी मोरी चुनरिया तेरे संग ओ सांवरिया.

लोकृति जी काव्य विधा ही नहीं, बल्कि गद्य विधाओं के सृजन में भी रुचि रखती हैं. इसी का प्रमाण है उनका उपन्यास 'क्योंकि तुम ही हो.' होली ऐसा पर्व है, पुरुष अपने मित्रों के साथ और महिलाएं अपनी सखियों के साथ इसका मजा लेते हैं. सखी के साथ होली खेलने का अनुभव बता रही है रांची की कवयित्री **खुशबू बर्नवाल सीपी**. इनकी रचना का शीर्षक है-सखी की होली.



एक सखी ने बात बताई.
उसकी हुई जब सगाई चट मंगनी पट ब्याह हुआ.
बन गई पति की लुगाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई कुछ दिन में ही होली आई.
मस्ती मन में खूब समाई पकवान बनाने की तैयारी.
पकौड़े बड़े पुआ पकाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई महफिल दोस्तों की जमाई.
कई गिलास दोस्तों ने पिलाई पति पीकर हुए पूरे टुन्न.
नशे में धुत देख घबराई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई शरबत मेज में सजाई.
उन्हें देख मैं लजाई बुझे अरमान जगवाने.
भांग ठंडई संग मिलाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई उनके रंग में मैं रंगाई.
नशे भांग की हुई चढ़ाई नाच-नाच कर बड़बडाई .
नीचे पहाड़ ऊपर खाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई कैंची ले सबको दौड़ाई .
हंस कर सबको दी बधाई न देखा सास ससुर ददिया सास.
उस दिन मैंने धूम मचाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई मैंने रौनक खूब बढ़ाई.
ऐसे मैंने होली मनाई उतरा खुमार होली का सुबह.
सबसे सुनकर मैं शरमाई जोगीरा सा रा रा रा रा.
होली आई होली आई..

खुशबू जी ने अपनी कविता की खुशबू से मन-प्राण को सुरभित कर दिया. इन्होंने कमाल कर दिया. कैसे? ऐसे, सखियों के संग धूम मचाई, रहे देखते लोग लगाई, इन्हें देख होली शरमायी, जोगिरा सा रा-रा रा-रा ! मित्रो, होली की भूमिका तो वसंत पंचमी से ही बनने लगती है. धीरे-धीरे मौसम गदराने लगता है और पुरबाई मन में टीसने लगती है. झारखंड के वरिष्ठतम कवियों में से एक जमशेदपुर निवासी अप्रतिम छंदशास्त्री **दिनेश्वर प्रसाद सिंह 'दिनेश'** की इस कविता का आनंद नहीं लिया तो होली का कोई मतलब नहीं. इनके कविताओं में छंद, अलंकार और श्रृंगार रस का अद्भुत मेल है, जिसमें किसी की पगध्वनि अनजाने में फागुनी गीत बन कर आ जाती है. इनकी इस कविता का शीर्षक है-जाने क्यों मौसम गदराया.



जाने क्यों मौसम गदराया, टीस गई मन को पुरबाई
अनजाने पगध्वनि किसी की, गीत फागुनी बन कर आई.
स्वप्न हमारे प्रिया मिलन के
जाने क्यों साकार हो गये
धरती और गगन क्यों जाने
उस दिन एकाकार हो गये
जनम जनम का प्यासा भौंरा, पल में तू ने प्यास बुझाई
अनजाने पगध्वनि किसी की, गीत फागुनी बन कर आई.
याद हमें है वह भोलापन
वह शबनमी निगाहें तेरी
याद हमें है रूप सलोना
होटों पर मुस्कान घनेरी
तेरी सांसों के सरगम ने, मेरे मन की पीड़ बढ़ाई
अनजाने पगध्वनि किसी की, गीत फागुनी बन कर आई.
एक बार फिर से आ जाना
मेरे इस जीवन कानन में
खुशियों की गगरी छलकाना
पतझर के इस घर आंगन में
जीवन धन्य-धन्य हो जाए, गर तुमने फिर की पहुनाई
अनजाने पगध्वनि किसी की, गीत फागुनी बन कर आई.

मेरा विश्वास है कि दिनेश जी के जीवन को तो इनकी रचनाधर्मिता ने ही धन्य-धन्य कर रखा है. अपने आठ दशकों के जीवन में इन्होंने हिंदी, भोजपुरी एवं वज्जिका भाषाओं में गीत, गजल, कविता, कहानी,निबंध संस्मरण आदि विभिन्न विधाओं में जम कर लिखा. काव्य संकलन 'धूप सुबह की', 'समय की पंखुडियां', संस्मरण 'स्मृति की परछाइयां' सहित साझा काव्य संकलन और दर्जन भर शैक्षणिक बाल साहित्य का प्रकाशन हो चुका है. ये यशस्वी पत्रकार भी हैं और इन्होंने कुल दस समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर अवकाश प्राप्त किया है. आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों के साथ ही काव्य मंचों पर भी इनका जलवा रहा है. इन्हीं शब्दों के साथ चाहता हूं आज्ञा. जय हिंद ! जय झारखंड ! !

## सियासत के रंग

हाथ को पकड़ गीता राजनीति में आयी थी
जाने अब कैसे भाजपा की छवि भा रही.

तीर और धनुष से सीता का विराग हुआ
मोह माया त्याग कर कमल खिला रही.

जय प्रकाश का भी मोह कमल से भंग हुआ
पंजा छाप पार्टी अब सपने जगा रही.

होली के अनेक रंग दिखते सियासत में
झामुमो की कल्पना साकार होने जा रही.

\- बैताल

# फागुन के फीके होते रंग



**होली** का नाम सुनते ही मन में उमंग, रंगों की बौछार, उड़ते गुलाल छा जाते हैं. साथ ही प्रकृति के मनोरम दृश्य, मंजराए आम, पीले खेत, महुआ की खुशबू, खेतों में झूमती गेहूं की बालियां. जैसे धरा ने श्रृंगार किया हो. फागुन मास में वातावरण की उल्लसित ऊर्जा के प्रवाह से हम सभी ऊर्जावान हो जाते हैं. वाकई फागुन से ही हमारा नववर्ष आरंभ होता है. बच्चे, बूढ़े सभी आनंदमय नजर आते हैं. दशकों पहले से हमारे देश में फागुन के दस्तक देते ही होली की तैयारी शुरू हो जाती थी. गली, मुहल्ले की सफाई, नववस्त्र की खरीदारी, कहीं रिश्तेदारों को तोहफे भेजने की तैयारी या फिर उनके आने की तैयारी. यहां तक की अड़ोस-पड़ोस में भी कहीं कोई कमी तो नहीं ! यानी उनकी भी चिंता रहती थी, जबकि लोगों की आय कम होती थी, लेकिन पर्व त्योहार को जी भर कर मनाते थे लोग. जिनके घर कमी होती, उनके घर रंग, गुलाल, पकवान खुशी से पहुंचाते थे सभी ! क्योंकि त्योहार हों या रिश्ते भाव से जुड़े होते हैं और तभी हम इसे उल्लास के संग जी पाते हैं. लेकिन समय के साथ-साथ न रिश्तों में वह बात रही, न ही त्योहारों में वह उमंग रहा, क्योंकि हम इनके प्रति समर्पित नहीं हैं. हम खुद में ही व्यस्त रहने लगे. अब तो त्योहार हो या रिवाज सभी में दिखावा नजर आने लगा है. बस ! सबमें एक औपचारिकता नजर आती है. वह पहले वाली भाव, आस्था नहीं रही. सारे संसाधनों के बावजूद लोग किसी को कुछ देने के पहले सोचते हैं और दे दिए तो जताने से भी बाज नहीं आते हैं. अब तो होली के रंग भी फीके लगने लगे हैं, क्योंकि हममें उल्लास और वह उमंग नहीं रही. एक दूजे के प्रति प्रेम सम्मान करने की भावना कम हो रही है, इसलिए त्योहार की खूबसूरती कम हो रही है. अब प्रेम भाव कम, अहम पहले नजर आता है और अहम तो मानवता का दुश्मन है. अब तो हम घर से निकल कर एक दूजे को तिलक लगाकर औपचारिकता निभाते हैं. यह अहम ही तो है, जिसने फागुन के रंगों को फीका किया, पकवानों की मिठास को कम किया है. होली की मस्ती घट रही है. हमें अपने पर्व त्योहार को सदा अपनी भावनाओं से जोड़ कर रखना होगा. तभी हम रिश्ते नाते, परिवार, समाज से जुड़े रहेंगे. हमें इनका मान खुशियों के साथ करना होगा. जीवन को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए, जीवन को जिंदगी से मिलाने के लिए हर त्योहार का सम्मान करना होगा. यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है. तो चलिए होली के हुड़दंग मचाने, प्रेम-भाव से अपनों से लेकर परायों तक को रंग -गुलाल लगाकर गले लगाएं. एक दूजे के घर जाकर, पाकवान खाकर उसकी मिठास को महसूस करें, प्रेम की खूशबू महकाएं खुश हो जाएं. प्रकृति सी सहज सरल हो जाएं. आप सभी को होली की शुभकामनाएं..



चौराहा

रेणु झा 'रेणुका'

# सीतामढ़ी : अवसि देखिए देखन जोगू



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**सीतामढ़ी** जगत जननी मां जानकी की पवित्र जन्म स्थली है. मार्च के प्रथम सप्ताह में मुझे वहां के भ्रमण का सौभाग्य प्राप्त हुआ. इस क्रम में मैंने वहां के सभी प्रमुख स्थलों का भ्रमण और दर्शन किया. श्रद्धा और भक्ति से मस्तक अवनत हो गया. अभी तक आध्यात्मिक रंग से रंग कर अभिभूत हो रहा हूं. वहां के सभी पवित्र स्थल और मंदिर आस्था के जबरदस्त केंद्र हैं. आइए उनके दर्शन की अनुभूति प्राप्त करते हैं.

**पुनौरा धामः**-यह सीतामढ़ी का प्रमुख पर्यटन स्थल है. पौराणिक काल में यह स्थान पुंडरीक ऋषि के आश्रम के रूप में विख्यात था. कुछ लोगों का यह यह भी मत है कि सीतामढ़ी से 5 किलोमीटर पश्चिम स्थित पुनौरा में ही देवी सीता प्रकट हुई थी. मिथिला नरेश जनक ने इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए अपने हाथों से यहां हल चलाया था.इसी दौरान एक मृदापात्र में देवी सीता एक बालिका रूप में यहां मिलीं. यहां पास में एक पवित्र कुंड भी है.

**जानकी स्थानः**-ऐसा कहा जाता है कि प्राचीन काल एक संन्यासी यहां भ्रमण करते हुए यहां पहुंचे थे.उस समय चारों तरफ यहां जंगल था. उन्होंने उसी जंगल में रात्रि विश्राम के दौरान एक स्वप्न देखा कि श्रीराम जानकी और लक्ष्मण की मूर्ति ज़मीन के नीचे दबी है. दैविक स्वप्न के बाद उन्होंने उस स्थान को खुदवाया तो वहां काले पत्थर की एक ही चट्टान में बनी श्रीराम सीता एवं लक्ष्मण की दुर्लभ प्रतिमा प्राप्त हुई. जानकी प्राकट्य स्थली के नाम से प्रसिद्ध इस मंदिर में वही दुर्लभ प्रतिमा स्थापित है.



**उर्विजा कुंडः**- जानकी मंदिर के बगल में ही उर्विजा कुंड है.ऐसा कहा जाता है कि लगभग 200 वर्ष पूर्व इस कुंड के जीर्णोद्धार के समय कुंड से उर्विजा सीता की एक प्रतिमा प्राप्त हुई थी, जो जानकी स्थान मंदिर में स्थापित है.

**दक्षिण मुखी हनुमान मंदिरः**- सीतामढ़ी कोट बाजार स्थित दक्षिण हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है. यहां प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है.अब यहां पटना स्थित हनुमान मंदिर का नैवेद्य भी उपलब्ध है.

**महारानी स्थानः**- सीतामढ़ी कोट बाजार स्थित महारानी स्थान क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए भक्ति भाव का प्रमुख केन्द्र है. यहां शारदीय और चैत्र नवरात्र में भव्य पूजा का आयोजन किया जाता है.

**श्री वैष्णो देवी मंदिरः**- थाना रोड स्थित माता वेष्णो देवी का भव्य मंदिर है.यहां प्रतिदिन दूर दूर से भक्त गण पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं.इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह आस्था का केंद्र है.


**श्याम बाबा का मंदिरः**- नगर के मध्य श्याम कुंज स्थित श्याम बाबा का भव्य मंदिर है. यहां कार्तिक एकादशी एवं फाल्गुन एकादशी के अवसर पर श्याम प्रभु जी के दरबार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें भारत और नेपाल के हजारों श्रद्धालु जुटते हैं.

**पीली कुट्टीः**- लखनदेई नदी के पश्चिमी तट पर स्थित पर पीली कुट्टी एक सिद्ध स्थल के रूप में प्रसिद्ध है. यहां विवाह पंचमी के अवसर पर निकलने वाली श्रीराम, देवी सीता, लक्ष्मण,भरत शत्रुघ्न जी की झांकी का भव्य स्वागत करने की परंपरा चली आ रही है.

**हलेश्वर स्थानः**- सीतामढ़ी से पांच किलोमीटर उत्तर पूरब में इस स्थल पर राजा जनक ने पुत्रेष्टि यज्ञ के पश्चात् भगवान शिव का मंदिर बनवाया था, जो हलेश्वर स्थान के नाम से प्रसिद्ध है. राजा जनक के हाथों स्थापित पवित्र शिवलिंग आज भी यहां विराजमान है.

**चंडीधाम (कैलाश पुरी):**- डुमरा के कैलाश पुरी में अवस्थित यह मंडी सिद्ध शक्तिपीठ है. यहां मां काली का एक भव्य मंदिर स्थापित है.1993 में क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया. यहां सालों भर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है. मां के दरबार में आने वाला कभी निराश नहीं हुआ,मां सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं. सपरिवार इन दर्शनीय स्थलों के दर्शन से कृतार्थ हुआ और सबके मंगल की कामना की.

# सुनामी मेहरबान, गधा पहलवान



नश्तर

सुधीर राघव




**होली** के मौके पर किसी ने गधे पर संतरी रंग डाल दिया. गधे ने जब तालाब में अपनी परछाईं देखी तो उसे लगा कि वह अब शेर हो गया है. उसका रंग शेर से मेल खा रहा था. गधे ने समझा कि अब तो ईश्वर ने भी उसे जंगल का राज मान लिया है. इसलिए उस पर संतरी रंग ही डाला गया है वर्ना लाल, नीला, पीला, हरा, काला कोई और रंग भी फेंका जा सकता था. गधा यह सोचकर इतना प्रसन्न हुआ कि उसने तालाब में नहाने का विचार छोड़ दिया. भले गधा था, पर इतना तो जानता ही था कि अगर वह नहाया तो रंग छूट जाएगा. ईश्वर की सारी कृपा हाथ से निकल जाएगी.

गधा खुशी खुशी जंगल पहुंचा. वहां चुनाव चल रहे थे. शेर की जनसभा होने वाली थी. जानवरों की भीड़ इंतजार में खड़ी थी. शेर अभी तक पहुंचा नहीं था. बीच में ऊंचे टीले पर, जहां शेर को आना था, सभी उस ओर ताक रहे थे. गधे ने सोचा यही मौका है. ईश्वर करे मेहर तो गधा बने शेर. गधा झट से शेर के लिए बने उस ऊंचे टीले पर चढ़ गया. गधे को टीले पर देखकर सभी जानवर चिल्लाने लगे. वे ऐसा जानवर देखकर दंग थे, जिसका रूप तो गधे जैसा था मगर रंग एकदम अलग.

तभी हाथी ने चिंघाड़ कर गधे से कहा - तुम्हारी हिम्मत कैसे पड़ी महाराज शेर के आसन पर पांव रखने की. इसपर गधे ने कहा - इस होली पर मुझ पर ईश्वर की कृपा हुई है. ईश्वर ने ही पूरे ब्रह्मांड और सब जीवों को बनाया है, उसी ने मुझे भी गधे से शेर में बदल दिया है. अभी गधे की बात भी खत्म नहीं हुई थी कि तेज बारिश होने लगी. पानी की बूंदें गिरीं और सारा रंग धुल गया. नकली शेर फिर से गधा बन गया. यह देख जंगल के सारे जानवर गधे पर टूट पड़े और बुरी तरह पीटकर खदेड़ दिया.

उसी दिन जंगल के मुआयने पर आया सेठ दुलीचंद सुनामी दूर से ही यह सारा नजारा देख रहा था. उसे गधे में मूर्खता का एक अजीब सा स्पार्क दिखा. उसने अपने नौकरों से कहा, इस गधे को ले चलो. इसका इलाज करो. हम इसे ही जंगल का राजा बनाएंगे. बस फिर क्या था सेठ की कंपनी केलोबेलो के सारे न्यूज़ चैनल शेरों को भ्रष्ट और जंगल को बर्बाद करने वाला बताने लगे. खूबसूरत एंकर जब बताती कि गधे में बहुत एनर्जी है, सिर्फ वही जंगल का उद्धार कर सकता है तो जानवरों को झट से इस पर विश्वास हो गया. जानवरों की सर्व सम्मत राय थी कि 34-20-36 के फिगर वाली न्यूज एंकर तो कभी कुछ ग़लत बता ही नहीं सकती. टीवी पर साक्षात्कार में शेर से आसान सा प्रश्न पूछा जा रहा था कि जंगल की जीडीपी ग्रोथ दस फीसद तक क्यों नहीं पहुंची? दूसरी ओर गधे से यह कठिन प्रश्न पूछा जाता कि वह आम काटकर खाता है या चूसकर? आम वाले प्रश्न ने सभी जानवरों को गधे के समर्थन में ला दिया, क्योंकि वे सब भी खुद को आम जानवर समझते थे. इस तरह पहली बार जंगल के चुनाव में गधे की जीत हुई और शेर हार गया. तभी से यह कहावत चल निकली, सुनामी मेहरबान तो गधा पहलवान !

# कलाकार पर जब चढ़ जाये भंग का नशा



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**भारतीय** जनमानस के हृदय में खास स्थान बनाये रखने वाले उत्साह और उल्लास का त्योहार होली अपनी इंद्रधनुषी छटा के साथ फिर आ गयी है. शिशिर के गमन और ग्रीष्म के आगमन पर आने वाले इस त्योहार को मनाने का सर्वमान्य कारण घृणा और क्रोध पर प्रेम और भक्ति की जीत का प्रतिपादन है. वैर भाव को भूल कर सहृदयता से गले मिल जाने की सीख देने वाला यह त्योहार अमीर-गरीब, छोटे बड़े सबों को एक अजीब रसमय व मस्ती भरे वातावरण में डूबो देता है और जिसमें जाति, धर्म की सीमाओं को लांघ कर आदमी समान धरातल पर आ जाता है. लोगों को आमोद-प्रमोद का समान अवसर मिलता है. तभी तो फागुन के आते ही कवि, लेखकों , कलाकारों के मन कन्हैया हो जाता है. हर बाला, राधा लगने लगती है. मुहल्ले के गली कूचे ब्रज के गली कूचे-से दिखाई पड़ने लगते हैं. इससे परिवेश की समस्त शिराएं अव्यक्त संगीत से



झंकृत हो उठती हैं. प्रकृति के इस बेचैन मूक आमंत्रण को झारखंड के चित्रकार किस रूप में स्वीकार करते हैं, इसे मैंने जानने का प्रयास किया है. वैसे कलाकार जिनका सालों भर रंग से रिश्ता बना रहता है, वे रंगों के त्योहार को किस तरह मनाते हैं? यह दिलचस्पी का विषय है.



जमशेदपुर के कलाकार तपन राय को होली से जुड़ी एक घटना आज भी याद आती है तो इन्हें गुदगुदाती है. हुआ यूं था कि एक दोस्त को रंग लगाने के लिए जब इनके दोस्तों की टोली ने इनके घर के पीछे से प्रवेश किया. हड़बड़ाहट में वह दोस्त सामने की तरफ से बेखबर निकलने लगा तो इनकी टोली के एक सदस्य ने जो सामने के दरवाजे के पास हाथ में रंग के बदले गोबर लेकर खड़ा था, पोत दिया. गोबर से ढका चेहरा देख वे हंसते हंसते लोट पोट हो गये थे. देवघर के कलाकार नरेन्द्र पंजियारा बताते हैं कि ये लोग होली के मौके पर जब अपने गांव के अशोक चौक पर होली गाने के लिए जमा हुए थे, तभी राजेन्द्र बाबू एक बाल्टी भर कर भांग का शरबत ले कर आये. सभी गाने बजाने में व्यस्त हो गये. इन लोगों ने भी खूब शरबत पिया. फिर क्या था जब सबों पर नशा चढ़ा तो होली गाना छोड़ कर सभी एक दूसरे का मुंह



देखकर खूब हंसने लगे. यह इनके जीवन की यादगार होली थी. बोकारो के रंजीत कुमार कहते हैं कि अब होली में घर से बाहर निकलना मुश्किल सा लगता है, लेकिन अपने बचपन के दोस्तों के साथ ही आज भी होली जम कर खेलते हैं. शाम को माता पिता से मिलने गांव जाते हैं. बोकारो के कलाकार सरोज कुमार मिश्रा अपने विचार साझा करते हैं और कहते हैं कि बचपन की यादों को रंगों में देखते हैं और सोचते हैं कि तब न कोई चिंता थी, न कोई चतुराई, न किसी की बुराई, यही थी बचपन रंगों की गहराई. ठहाके लगाते, शोर मचाते बगीचे से हम आम चुराते, यहां-वहां सिर्फ दौड़.लगाते गुल्ली-डंडा खेलते पड़ोसी के घर के शीशे तोड़ते, मोहल्ले के लोगों को देख कर भागते, शाम तक सभी हमारे घर पर आते. मां-बाबूजी से पिटाई खिलाते. ऐसी थीं मेरे बचपन के रंग बिरंगी यादें. आने वाला है दिन रंगों का. खेलेंगे मिलकर हम सब इस वर्ष एक नई होली. जाति-धर्म का भेद मिटाकर, भाईचारे का संदेश बताकर, पाकवान, पूड़ी और मिठाई खिलाकर समझेंगे हम रंगों के संदेश, कुछ ऐसा हैं मेरा रंग-बिरंगा भारत देश. कुछ ऐसे हैं रंगों की कुछ यादें.


# आखर

# ...जमेगा रंग होली में

सूबे के साहित्यकार होलियाना मूड में हैं. शुभम संदेश के पृष्ठों पर कई दिनों से इनके शब्दों की रंगीनी बिखरी हुई है. इनमें जीवन के रंग और उमंग दोनों नजर आ रहे. आज का आखर भी साहित्यकारों के शब्दों की इन्हीं रंगीनियों और इन्हीं उमंग-उम्मीदों को समर्पित...







नीरज नीर

## मची है धूम होली की

कुसुम धानी चुनर केसर धरा का रंग होली में
सुमन मन में खिले मौसम ने बदला रंग होली में.

सजे बाजार गांवों में मची है धूम होली की
हवा भी कह रही किसने लगाया रंग होली में.

चले आओ बुलाते हैं ये आँगन खेत फागुन में
तुम्हारे साथ खेलेंगे जमेगा रंग होली में.

कभी दिल्ली कभी बंबे कभी गुजरात जाते हो
तुम्हारे बिन मजा देगा भला क्या रंग होली में.

पिताजी को हैं उम्मीदें कि अम्मा देव पूजे है
मेरी आंखें कहीं देखे न उड़ता रंग होली में.



रश्मि शर्मा

## फगुआये गई गोरी

गुलाबी गालों पे लाल गुलाल,
लजाय गई गोरी,लजाय गई गोरी.

रात अंजोरिया में भीगी चुनरिया,
देख पलाश, बौराय गई गोरी.

भींगा कण -कण महका तन मन
छेडें हवाएं,फगुआये गई गोरी.

रंगों के बहाने, अंग भिगाने
साजन आये, लजाय गई गोरी.

फगुआ की रीत, होरी के गीत
सुनाय गई गोरी, सुनाय गई गोरी.



डॉ हरेराम त्रिपाठी 'चेतन'

## मुस्कुराते आ गया ऋतुराज

मुस्कुराते आ गया ऋतुराज, हंसे हम तुम.
प्रीति का बजने लगा है साज, फंसे हम तुम.
फूल सांसों के खिले हैं
मन -मधुप उड़ छेड़ता है.
नयन में आसीन है रसराज, हंसे हम तुम.

हर कली है फूल बनती,
रवि -किरण को अंक भरती
उत्स मीठे प्रेम की है लाज, सजे हम तुम.

हृदय की सीमा बढ़ी है
दिशाएं मह -मह चपल हैं.
अधर -पाटल खुले, दे आवाज सुनें हम तुम.

नरगिसी फैली अदाएं,
पलक पागल हो गई हैं.
हवाएं बहकी हैं बेअंदाज, झूमें हम तुम.

भौंह ने अभिसार लिखा,
तन मदिर महुआ हुआ है.
फागुनी बरजोर मादक, मदन के एजाज झूमें
हम तुम.

प्रकृति का संतुलित सरगम,
तालियां सम -सून के बन
फासिले के तंतु सिकुड़े आज, मिले हम तुम.

मुस्कुराते आ गया ऋतुराज, हंसे हम तुम.
प्रीति का बजने लगा है साज, कसें हम तुम.



माधवी उपाध्याय

## बसंत की उमंग

बसंत की उमंग है, मलय गंध संग है
कोयल की कुहू -कुहू , मधुर तरंग है.

मधुपों के पुंज गुंज, छेड़ते मधुर तान
सरसों की पीत चुनर, बलखाते ढंग हैं.

सपनों के उपवन, नयनों में नेह भरे
छुपी भावनायें मन ! उड़ती पतंग है.

बौराई है मंजरियां, तरुवर तरुणाई
कलियों की मादकता, तितलियों संग है.

अलि-अलि झूम रहें,कली -कली चूम रहें
भंवरों की पंक्तियों नें, किया हुडदंग हैं.

खिली-खिली पत्तियाँ,हियरा पलाश सा
विहंस रही प्रकृति, धरणी मलंग है.

ठंडक असर नहीं, गरमी चुभन नही
बहक रहा समीर, फागुनी उमंग है.

महुआ भी मदमस्त,बिखराए गंध मंद
छायी मदहोशी मन ,कसे अंग-अंग हैं.



डॉ कल्याणी कबीर

## फागुन-फगुआ हर मन हो अब

जीवन पथ पर हर रंग हो अब,
फागुन-फगुआ हर मन हो अब।

गलियन में गूंजे किलकारी,
गुझिया - बर्फी मीठी वाली
करें ठिठोली ब्रज में राधा,
कान्हा मारे जब पिचकारी
मन का आँगन वृंदावन हो अब
फागुन-फगुआ हर मन हो अब.

रंग- रास- रसरंग -रंगोली
दिखे प्रेम का रूप सलोना,
हो हर ठौर गुलाल की दमदम
छूट ना जाए कोई कोना
मंद मुसकाता चितवन हो अब
फागुन-फगुआ हर मन हो अब.

कच्चे - पक्के रंग पहनकर
अंबर - धरती करे ठिठोली,
कहा-अनकहा कह दो तुम भी
आई है हर द्वार पे होली.
पथ जीवन का मधुबन हो अब
फागुन-फगुआ हर मन हो अब.



डॉ हरेन्द्र सिन्हा

## मोहब्बत का चढ़ा है रंग

सभी भूले हुए हैं रंज और तक़रार होली में,
मोहब्बत का चढ़ा है रंग ऐसा यार होली में.

भले उतरेंगे कपड़ों से, मगर दिल से न उतरेंगे,
असर रंग का यही दिखता है बारंबार होली में.

यही तो एक मौका है,सभी जो खुल के मिलते हैं,
मुझे भी एक मौका दो न मेरे यार होली में.

भले पिचकारी हो ना हो, मगर होली तो खेलेंगे,
कमाल उनकी नज़र का है,जो है सरशार होली में.

मिटाने बस दिलों की दूरियां ही होली आती है,
चलो मिल-जुल मनाएं हम सभी त्यौहार होली में.

चढ़े हैं मेरे होठों पर हज़ारों रंग होली के,
लबों पर ले ले मेरी हाज़िरी ऐ यार होली में.

अभी तो मुब्तला हूं सरहदों की निगहबानी में,
मगर वादा है मिलने आऊंगा दिलदार होली में.



सरोज झा झारखंडी

## सारे रंगों में तू समाई

फिर यादों की बदरी छाई
फागुन के महीने में
प्रेम की बारिश बूंदें आई
फागुन के महीने में.

महुआ सी ये बहकी हवाएं
महकी महकी रुत और राहें
पराश की यौवन अंगड़ाई
फागुन के महीने में.

कोयलया की कुह कुह बोली
जैसे मन में मिसरी घोली
विरहन के तन आग लगाई
फागुन के महीने में.

तुम बिन हर रंग है फीका
तुम संग जीवन जीना सीखा
सारे रंगों में तू समाई
फागुन के महीने में
फिर यादों की बदरी छाई
फागुन के महीने में.



रेणु त्रिवेदी मिश्रा

## आओ लगा दो रंग

डालो रंग गुलाल कि आई होली है.
नीले पीले लाल कि आई होली है.

टेसू की खुशबू, तो रंग पलाश के,
आओ लगा दो रंग, आस - विश्वास के,
सारा रारा रारा रा- गा रही टोली है.
डालो रंग -गुलाल कि आई होली है.

राग -द्वेष सब दूर करे त्योहार यही,
जात - धर्म सब एक करे त्योहार यही,
एक हैं हम सब एक, गा रही टोली है.
डालो रंग-गुलाल कि आई होली है.

होली का हुड़दंग,मस्ती भी छाई है,
ढ़ोल -मंजिरा साथ ले टोली आई है,
देख रंगे चेहरे, गोरी मुस्काई है
मस्ती में बौराय रही हर टोली है.
डालो रंग -गुलाल कि होली आई है.



शालिनी सहबा

## होली आई रे

मौसम आया है मतवाला आ जाओ हमजोली
होली आई रे होली होली आई रे होली.
छोड़ो साखियों किचन शिचन अब घर से बाहर निकलो
नीले पीले रंगों की पुड़िया मुट्ठी में धर लो
बचकर रहना, निकली है इक मस्तानों की टोली
होली आई रे होली होली आई रे होली.

सुन री सहेली जल्दी जल्दी कर लो सब तैयारी
पड़ना है जीजा देवर हर रिश्ते पर अब भारी.
समझाना है इन्हें न समझें हमको इतनी भोली
होली आई रे होली होली आई रे होली.

रंगों का उत्सव है प्यारा निर्मल इतना पावन
ख़ुशियों से भर देता है ये सबके मन का आंगन.
हम सबने पाई है इससे प्रेम भाव की झोली
होली आई रे होली होली आई रे होली.



डॉ रागिनी भूषण

## कोरी ना रह जाये चुनरिया

गलियों गलियों आई गुजरिया रंग डारो.
नज़र नजर कर आई संवरिया रंग डारो.

पुष्प धनुष का तीर नुकीला
उर बन्धों का घाव हठीला.
पतझर पतझर हियरा सिरजे
नैनन में मधुमास रसीला,
लहरें ले रहा जोबन रे पिया रंग डारो.

उम्मीदें कजरारी सज धज
कमर बन्ध के झूमर बज बज.
अधरों के सम्पुट सौगन्धें
भ्रू विभ्रम आकर्षण गज गज,
कोरी ना रह जाये चुनरिया रंग डारो.

किसलय किसलय राग भरे हैं
फूलों में अनुराग धरे हैं.
उल्लासों की बजी बांसुरी
होठों ने मधुगीत झरे हैं,
पोर पोर मैं तो भई बवरिया रंग डारो.



राकेश रमण

## होली गीत

अरे !
मोबइलवे में खेले होली ई दुनिया !
मोबइलवे में खेले होली
फेसबुक का मुंहवा पे रंग लगावे,
वॉट्सएप खोल के ढोल बजावे,
यू ट्यूब के बनावे भांग गोली, मोबइलवे में...
मोबइलवे में खेले होली ई दुनिया !
मोबइलवे में खेले होली...
आनलाईन करके
कवि बोलावे,
हवा में हास्य के रंग उड़ावे,
वाह वाह करे पूरा टोली मोबइलवे में...
मोबइलवे में खेले होली ई दुनिया !
मोबइलवे में खेले होली...
इंस्टाग्राम में पुआ पकावे,
ट्वीटर से तरकारी लावे,
पकवान के बदलल चोली, मोबइलवे में...
मोबइलवे में खेले होली ई दुनिया !
मोबइलवे में खेले होली...
फाटल के हो गईल फैसन नंगा,
काहे केऊ कीनी नवका अंगा,
मैसेन्जर से भेजत
झुठका चोली, मोबइलवे में...
मोबइलवे में खेले होली ई दुनिया !
मोबइलवे में खेले होली...



प्रीति कर्ण

## रंग प्रीत का घुल जाए

फूल रहे कचनार गुलाबी
रंगों से मन भीज रहा,
बासंती मनुहार सुहाए
रह रह कर मन रीझ रहा.

बैरागी मन की भाषा में शब्दों की रंगोली है.
मन खिलने का मौसम जब हो वो ही तो बस होली है !

रोष न कोई राग रखे मन
अंतर्मन हिल मिल जाए,
मीठे उत्सव की मृदुता में
रंग प्रीत का घुल जाए.
अनुरागी मन की भाषा में सबसे प्रिय यह बोली है
मन खिलने मौसम जब.....

रंग गुलाल भरे मन बादल
सुध बुध मन की सब भूले,
आंखों में सपने अतरंगी
गुंचे मन भर भर फूले

तन रंग जाते सब रंगों से मन रंग दे हमजोली है
मन खिलने का जब मौसम हो वो ही तो बस होली है.

अवसर की गरिमा रख झूमे
मर्यादित परिहास रहे,
आलिंगन रसना मन बांधे
सम्मोहक मृदु हास गहे.

निजता ना आहत होती हो सच्ची वही ठिठोली है.
मन खिलने का जब मौसम हो वो ही तो बस होली है.



वीना श्रीवास्तव

## अबके खेलो कुछ ऐसी

अबके खेलो कुछ ऐसी होली तुम
प्रेम से भर दो सबकी झोली तुम.
लाल रंग बन रहो महावर संग
गेरू से रंग दो सबके तन और मन
सूने जीवन में भरो रोली तुम.
मां के पांवों के नीचे जन्नत है
उसके आंचल में बंधी मन्नत है
उसकी ममता की बांधो मौली तुम.
दीन- दुखियों को थोड़ी खुशियां दो
बेटियों को नई - सी दुनिया दो
खुशियों की बनो रंगोली तुम.
तेरी, मेरी या उसकी होली हो
टोपी - टीके की मस्त टोली हो
ऐसी सबकी बनो सहेली तुम.



आशुतोष प्रसाद

## गुलाल उड़ते हैं हर ओर से


होलियाना मूड जगा रहा है,
प्रेम की बातें हर जगह चल रही है.
गुलाल उड़ते हैं हर ओर से,
दिल के रंग भर रहे हैं सभी देश.
मोरचे छिड़ रहे हैं मस्तानी आंखों में,
प्यार की लकीरे आंखों में बस रही हैं.
आंखों की गहराई में प्यार होता है,
दिल की गहराई में आस्था होती है.
होली के मौसम में प्यार बढ़ता है,
हर घर में अपना ही संगीत बजता है.
फागुन की रात रंग-बिरंगे सितारे,
प्रेम के साथ झूम उठे सभी दिलों में.
भंग की मिठास सबको भा रही हैं,
इंसान की भगवान से मिली मोहब्बत है.
खेलते हैं हम रंगों से इस खेल में,
मोहब्बत के रंग भी सबको भा रही हैं.
होली की मधुरता सबको भाती है
प्यार की गहराई सबको दिख रही हैं.
ये होली का मूड अद्वितीय हैं,
प्रेम की कहानी ख़ुद अनुभव हो रही हैं.



पद्मा मिश्रा

## होली है!

बगिया में मौसम हर्षाए ,दिल ने कहा -तब होली है
घर घर फागुन गीत सुनाए -दिल ने कहा -तब होली है
तुमने अपनी मनुहारों से -जीवन का आंगन रंग डाला,
जब गुलाल गालों पर छाए, दिल ने कहा तब होली है '
पलकों पर सोये सपनों के रंग हजारों ऐसे छलके,
मेरी अनुरागी आंखों में, प्यार तुम्हारा ज्यों शरमाये,
रंगों में भींगा मौसम जब तन सिहराए - होली है
कम्पित अधरों पर फागुन जब ,सुधि बिसराये - होली है
मदमाता जब रूप प्रिया का, मन बहकाये - होली है,
घर घर फागुन गीत सुनाये -दिल ने कहा -तब होली है



सुनीता अग्रवाल, रंगोली सिन्हा व रिम्मी वर्मा.

व्यंग्य >> बर्बरीक

## जब आवै चुनाव रंग फिर चढ़ै न दूजो रंग

होली का रंग मौसम में घुल गया है, फागुन में बुढ़ऊ भी देवर लगने लगे हैं, भंग का रंग भी चकाचक जम रहा है लेकिन जब आवै चुनाव रंग तो फिर चढ़ै न दूजो रंग. क्रिकेट, फिल्म और चुनाव हम भारतीयों के लिए त्योहार ही हैं. छोटे, मझले, बड़े नेता लोग तो कुर्ता वगैरह धुलवाकर, आयरन करवाकर मैदान में उतर पड़ते ही हैं. कार्यकर्ता भी कहां पीछे रहने वाले हैं. चुनाव तो उनके लिए भी त्योहार ही है. एक मौका है जो चूके तो फिर गए पूरे पांच साल के लिए शीतनिद्रा में. पचास तरह के काम होते हैं. घर में पीछे से मां पुकारती रह जाती है कि खाना तो खा ले. लेकिन चुनाव के माहौल में भी अगर घर में खाना पड़े तो फिर फायदा क्या राजनैतिक कार्यकर्ता होने का! भैया जी के साथ तस्वीर खिंचवाने और



श्रीराम और हनुमान की मुद्रा में फ्लेक्स पर छपवाने पर ही तो नेताजी से नजदीकी का पता लगता है. मोटरसाइकिल पर झंडा लगाकर, पेट्रोल भरवाकर, गले की नसें फुलाकर चीखने का जो रंग जमता है उसके सामने सब रंग फेल है. जैसे-जैसे वह दिन नजदीक आता है उत्तेजना बढ़ती जाती है. दिन रात भोंपू वाली गाड़ियों में घूमना, तरह तरह की सेटिंग -हमेशा लगता रहता है कि हम न हुए तो लोकतंत्र का क्या होगा. रंग फीका पड़ जाएगा एकदम. बड़े बड़े नेतागण हेलीकॉप्टर से धूल उड़ाते हुए आते हैं और जनता धूल फांकती हुई धन्य धन्य होती रहती है. होली के समय का धुरखेल इसके आगे बेकार है. फिर जमता है भाषणों का रंग. ऐसे ऐसे रंग कि जनता मुंह फाड़कर सुनती है और हैरत के रंग पुत जाते हैं चेहरे पर. सोचती है कि इतनी तरक्की कर कर गया हमारा देश और हमें पता ही नहीं चला. पांच ट्रिलियन की इकॉनॉमी बन जाएंगे भले मालूम नहीं है कि एक ट्रिलियन में कितने जीरो होते हैं. सोचती है वह कि इतने बड़े नेता बोल रहे हैं तो झूठ थोड़े ही बोलेंगे. बेचारी को पता तक नहीं कि झूठ कितना रंग बिरंगा होता है. झूठ के चटख रंगों के सामने सच के सब रंग फीके पड़ जाते हैं.

चुनाव का रंग ऐसा जमता है कि गली मोहल्ले के सबसे निकम्मे लड़के भी अति व्यस्त नज़र आने लगते हैं. तन-मन अपना और धन भैयाजी का. बस चुनाव का रंग ही तो है जिसे चेहरे पर मलकर नेता और कार्यकर्ता एक हो जाते हैं. कंधे पर हाथ रखकर बतिया लेते हैं नेताजी. वरना और दिनों में तो दर्शन दुर्लभ. जैसे होली में चेहरे पर रंग लग जाने के बाद अमीर गरीब एक जैसे दिखने लगते हैं कुछ वैसा ही चुनाव के वक्त भी होता है. बस सुनहरा मौका है चूकिए मत. होली और चुनाव के रंग का मज़ा लीजिए और आप भी मान जाएंगे कि जब आवै चुनाव रंग फिर चढ़ै न दूजो रंग.



नरेश बंका

## चुनावी होली

चुनावी होली का देखने मिला ऐसा रंग,
नेताजी को टिकट नहीं मिला रह गए दंग.

पार्टी-पार्टी घूम रहे, उड़ गया चेहरे का रंग
सोचा जो नहीं हुआ,पड़ गई रंग में भंग
जनता गुस्से में है अब कौन पूछेगा,
इस चुनाव नेताजी का रंग कैसे जमेगा

चुनाव में मतदाता अपना रंग दिखाता है,
बेकार नेताओं की जमानत जब्त करवाता है.



सारिका भूषण

## बनो कान्हा आज होली में

गौरैया बन उड़ा मन बेहाल
संग उड़े रंग-अबीर-गुलाल
मन भंवरा बन गुनगुनाये
और ताल दे साजन गाये.

मन मोरा न जाने रंजिश
न जाने प्रेम में कोई बंदिश
आज मैं गाऊं पांव थिरके
नाचे दो नयना दिल धड़के.

चाहे जग बोले मोहे बावरी
चाहे मारो भरी पिचकारी
मैं तो बन गई राधा टोली में
बनो सब कान्हा आज होली में.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल : पंजाब ने दिल्ली को चार विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की

# फीका पड़ा पंत की वापसी का जश्न

भाषा ।मोहाली

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया. पंजाब ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया. दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं.

इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की. पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे. उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया. शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी. धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए. इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया. इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया.

### मैन ऑफ द मैच बने सैम करेन

**14** महीने बाद पंत ने मैदान में फिर से की वापसी

**63** रन की पारी खेली सैम करेन ने

**32** रन 10 गेंद में बनाये दिल्ली के पोरेल ने



वापसी मैच में पंत ने बनाए 18 रन

दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए, जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं. दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए. ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया

### स्कोरकार्ड

**दिल्ली कैपिटल्स : 174-9 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | बॉल | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| वार्नर कै जितेश बो हर्षल | 29 | 21 | 3 | 2 |
| मार्श कै चाहर बो अर्शदीप | 20 | 12 | 2 | 2 |
| होप कै बराड़ बो रबाडा | 33 | 25 | 2 | 2 |
| पंत कै बेयरस्टो बो हर्षल | 18 | 13 | 2 | 0 |
| भूई कै जितेश बो बराड़ | 3 | 7 | 0 | 0 |
| स्टब्स कै शशांक बो चाहर | 5 | 8 | 0 | 0 |
| अक्षर रन आउट ( त्यागराजन/जितेश) | 21 | 13 | 2 | 1 |
| सुमित कै जितेश बो अर्शदीप | 2 | 9 | 0 | 0 |
| पोरेल नॉट आउट | 32 | 10 | 4 | 2 |
| कुलदीप रन आउट (शशांक/हर्षल) | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**:10 (बी 0, एलबी 6, डब्ल्यू 4, एनबी 0 , पृष्ठ 0) कुल174, (9 विकेट, 20 ओवर), **विकेट पतन**: 39-1 (मिशेल मार्श, 3.2), 74-2 (वार्नर, 7.6), 94-3 (शाई होप, 10.4), 111-4 (पंत, 12.4), 111-5 (भुई, 13.2), 128-6 (ट्रिस्टन स्टब्स, 15.4), 138-7 (अक्षर, 17.1), 147-8 (सुमित कुमार, 18.3) ), 174-9 (कुलदीप यादव, 20), **गेंदबाज** : कुरेन: 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह : 4-0-28-2, रबाडा : 4-0-36-1, हरप्रीत बराड़ : 3-0-14-1, राहुल चाहर : 4-0-33-1, हर्षल पटेल : 4-0-47-2

**पंजाब किंग्स पारी 177-6 (19.2 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | बॉल | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| धवन (कै)बो इशांत | 22 | 16 | 4 | 0 |
| बेयरस्टो रन आउट (इशांत) | 9 | 3 | 2 | 0 |
| प्रभसिमरन कै वार्नर बो कुलदीप | 26 | 17 | 5 | 0 |
| कुरेन बो खलील | 63 | 47 | 6 | 1 |
| जितेश स्टंप पंत बो कुलदीप | 9 | 9 | 1 | 0 |
| लिविंगस्टन नाबाद | 38 | 21 | 2 | 3 |
| शशांक कै पंत बो खलील | 0 | 1 | 0 | 0 |
| बरार नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 0 8 (बी 0, एलबी 2, डब्ल्यू 6, एनबी 0, पी 0), कुल177 (6 विकेट, 19.2 ओवर) , विकेट पतन : 34-1 (शिखर धवन, 3.1), 42-2 (जॉनी बेयरस्टो, 3.5), 84-3 (प्रभसिमरन सिंह, 9.2), 100-4 (जितेश शर्मा, 11.3), 167-5 (सैम कुरेन, 18.3) , 167-6 (शशांक सिंह, 18.4) गेंदबाज : खलील 4-0-43-2 ईशांत शर्मा : 2-0-16-1, मार्श : 4-0-52 -0, अक्षर पटेल : 4-0-25-0, कुलदीप यादव : 4-0-20-2, सुमित कुमार : 1.2- 0-19-0

# रोहित की विरासत को आगे बढ़ाने की शुरुआत करेंगे हार्दिक

- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा
- मुंबई की कप्तानी हार्दिक और गुजरात की कप्तानी करेंगे गिल

भाषा ।अहमदाबाद

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा. हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था.

यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया, जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है. हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे. अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी.

**फिटनेस मुद्दों से जूझ रही है मुंबई की टीम :** मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है. उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ और दिलशान मदुशंका पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, जबकि नए खिलाड़ी गेराल्ड कोएत्जी भी मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं और वह भी शुरू में कुछ मैच से बाहर रह सकते हैं. मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा इस सत्र में विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे और वह विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना चाहेंगे.

### गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस



आज के मैच

### टीमें

- **मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव.
- **गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, रिद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरथ, मोहित शर्मा, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव.

### पिछले दो सत्र की निरंतरता को बरकरार रखना गुजरात की चुनौती

टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है, जिन्हें कप्तानी का बहुत



कम अनुभव है. गिल के लिए टीम की पिछले दो सत्र की निरंतरता को बरकरार रखना चुनौती होगी. गिल को भारत के भावी कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है, लेकिन इससे पहले उन्हें खुद को आईपीएल में साबित करना होगा. गिल पिछले सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल थे और उनकी टीम यही उम्मीद कर रही होगी की कप्तानी के दायित्व का उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े.

## केएल राहुल की फिटनेस पर रहेगी सभी की नजरें



लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स

मैच भारतीय समयानुसार दिन के 3.30 बजे शुरू होगा

**जयपुर ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी. राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे. लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा. लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी. आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी. राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे. रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था. पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी. रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं. टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था.

### टीमें

- **राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन.
- **लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

### ईडन गार्डन्स पर 'रसेल शो'



रसेल ने 25 बॉल पर 64 रन बनाए, 7 छक्के मारे, 2 विकेट भी लिए

मैन ऑफ द मैच

## रोमांचक मैच में कोलकाता ने हैदराबाद को 4 रन से हराया

### आखिरी ओवर में 13 रन नहीं बना सकी एसआरएच

भाषा।कोलकाता

आईपीएल 2024 के तीसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रन से हराया. केकेआर से मिले 209 रन के लक्ष्य के जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 204 रन ही बना सकी. हेनरिक क्लासन ने 29 गेंदों पर 63 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके. आखिरी ओवर में हर्षित राणा 7 रन का बचाव करने में सफल रहे. हर्षित ने तीन विकेट अपने नाम किए, जबकि रसेल की झोली में 2 विकेट आए. इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने आंद्रे रसेल द्वारा खेली गई 25 गेंदों पर 64 रन की विस्फोटक पारी के बूते 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 208 रन बनाए. रसेल के अलावा फिल सॉल्ट ने 54 रन की दमदार पारी खेली. वहीं, रिंकू सिंह ने 23 रन का योगदान दिया. गेंदबाजी में हैदराबाद की ओर से टी नटराजन ने तीन विकेट झटके. हेनरिक क्लासेन ने 18 और राहुल त्रिपाठी ने 20 रन की पारी खेली. अब्दुल समद ने 15 रन का योगदान दिया. केकेआर ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 219 रन जुटाए. आंद्रे रसेल ने आतिशी बैटिंग की. उन्होंने 25 गेंदों में 3 चौकों और 7 छक्कों की बदौलत 65 रन की पारी खेली. उन्होंने महज 20 गेंदों में फिफ्टी कंप्लीट कर ली थी. रसेल ने रिंकू सिंह (15 गेंदों में 23, तीन चौके) के साथ सातवें विकेट के लिए 81 रन की दमदार साझेदारी की.

**आईपीएल में सबसे कम गेंदों पर 200 छक्के**

| गेंद | खिलाड़ी |
|---|---|
| 1322 | आंद्रे रसेल |
| 1811 | क्रिस गेल |
| 2055 | कीरोन पोलार्ड |
| 2790 | एबी डिविलियर्स |
| 3126 | एमएस धोनी |
| 3798 | रोहित शर्मा |

## बैडमिंटन टूर्नामेंट — स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती बरकरार

# पिछले 16 महीनों में पहली बार सेफा में पहुंचे श्रीकांत

भाषा । बासेल

किदांबी श्रीकांत ने पिछले 16 महीनों में पहली बार किसी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी बरकरार रखी. इस सत्र में अपना आठवां टूर्नामेंट खेल रहे श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 35 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-10, 21-14 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया. श्रीकांत इससे पहले आखिरी बार नवंबर 2022 में हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे. विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के विश्व में 22वें नंबर खिलाड़ी से लिन चुन यी होगा. भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि क्वार्टर फाइनल के एक संघर्षपूर्ण मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के से 23-21, 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा. एक अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत भी चाउ टीएन चेन से 15-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए.

### खास बातें

- श्रीकांत ने चीनी ताइपे के हाओ को सीधे गेम में हराया
- 35 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-14 से जीते श्रीकांत



**1** आखिरी बार नवंबर 2022 में सेमीफाइनल में पहुंचे थे श्रीकांत

**2** सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन यी से भिड़ेंगे श्रीकांत

**3** भारत के किरण जॉर्ज व प्रियांशु टूर्नामेंट से बाहर

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप

# झारखंड की टीम ने जीता कांस्य



संवाददाता ।रांची

पुणे में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में झारखंड की टीम ने कांस्य पदक जीता. झारखंड की महिला टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 2-0 हराया. झारखंड की संगीता कुमारी ने पहले क्वार्टर में गोल दागकर टीम का खाता खोला, वहीं आखिरी क्वार्ट में रोपनी कुमारी ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की. बता दें कि झारखंड के स्वर्ण जीतने का सपना सेमीफाइनल में हरियाणा ने तोड़ दिया था. सेमीफाइनल में झारखंड को हरियाणा के हाथों 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था.

### खास बातें

- झारखंड ने मध्यप्रदेश को 2-0 से पराजित किया
- संगीता कुमारी व रोपनी ने दागे एक-एक गोल

**सांसद बनने की चाह : झारखंड में दर्जन भर से अधिक विधायक करना चाह रहे हैं दिल्ली का रुख**

# टिकट का अबतक पता नहीं, दावे पर दावे, हो रही है जबरदस्त लॉबिंग

रवि भारती। रांची

झारखंड में दर्जन भर से अधिक विधायक दिल्ली का रूख करना चाह रहे हैं, लेकिन टिकट का अब तक पता नहीं है. जबरदस्त लॉबिंग हो रही है. दावे पर दावे किए जा रहे हैं. कमोबेश यही हाल बीजेपी और गठबंधन के नेताओं का है, लेकिन आलाकमान की हरी झंडी नहीं मिल रही. सांसद बनने की चाह में मांडू से बीजेपी विधायक जेपी पटेल ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है. चर्चा यह है कि कांग्रेस हजारीबाग से उन्हें उम्मीदवार बना सकती है. वहीं कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद भी हजारीबाग सीट से अपना दावा ठोंक रही है.



### धनबाद के लिए एमएलए कर रहे कसरत

धनबाद और चतरा के लिए एमएलए कसरत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं. दावे भी कर रहे हैं. बीजेपी ने धनबाद और चतरा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है. ऐसे में धनबाद सीट के लिए एमएलए राज सिन्हा का नाम आगे चल रहा है. वहीं इस सीट पर कांग्रेस की झरिया क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नाम की भी चर्चा चल रही है. राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह भी है कि पूर्णिमा सिंह भाजपा का दामन थाम सकती है.

### चतरा सीट से शशिभूषण मेहता भी रेस में

चतरा सीट पर उम्मीदवारी के लिए भाजपा विधायक शशिभूषण प्रसाद मेहता रेस में हैं. इसी सीट पर झारखंड सरकार के मंत्री और राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता भी खुद को उम्मीदवार बताते हुए प्रचार अभियान में उतर चुके हैं. इस सीट पर बीजेपी ने अब तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है.

वहीं दुमका सीट पर झामुमो छोड़कर भाजपा में आईं सीता सोरेन की उम्मीदवारी की संभावना जतायी जा रही है. हालांकि इस सीट पर पार्टी वर्तमान सांसद सुनील सोरेन की उम्मीदवारी घोषित कर चुकी है, लेकिन अब उनकी जगह सीता सोरेन को आगे लाया जा सकता है.

### गिरिडीह से मथुरा महतो ने शुरू कर दिया प्रचार

गिरिडीह लोकसभा सीट पर झामुमो विधायक मथुरा महतो ने खुद को गठबंधन का प्रत्याशी बताते हुए प्रचार शुरू कर दिया है. उनके नाम पर पार्टी में सहमति है, लेकिन उन्हें अब तक टिकट नहीं मिला है. इसी तरह कोडरमा सीट भाकपा-माले को दिए जाने पर घटक दलों में सहमति है और वहां से इस पार्टी के बगोदर क्षेत्र के विधायक विनोद सिंह के समर्थक और कार्यकर्ता भी प्रचार शुरू कर चुके हैं.

### चमरा, प्रदीप और दीपिका ने भी ठोंकी ताल

लोहरदगा सीट पर झामुमो के चमरा लिंडा मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं. उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए विधानसभा में एनओसी के लिए आवेदन किया है. अगर पार्टी उन्हें इस सीट से प्रत्याशी नहीं बनाती है, तो वह निर्दलीय मैदान में आ सकते हैं. सिंहभूम सीट पर झामुमो अपने दो विधायकों दशरथ गगराई या सुखराम उरांव में से किसी एक को प्रत्याशी बनाएगी, यह तय माना जा रहा है. गोड्डा लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस के दो विधायक प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह ने जबरदस्त लॉबिंग की है.

### ये विधायक हैं रेस में

- जेपी पटेल
- दशरथ गगराई
- दीपिका पांडेय सिंह
- प्रदीप यादव
- सुखराम उरांव
- चमरा लिंडा
- विनोद सिंह
- मथुरा महतो
- सीता सोरेन
- अंबा प्रसाद
- शशिभूषण प्रसाद मेहता
- पूर्णिमा नीरज सिंह
- राज सिन्हा
- सत्यानंद भोक्ता



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** उदर रोग से बचें. सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें. हनुमानजी के मंदिर में जल का दान करें.

**वृषभ** दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. किसी गरीब स्त्री को चीनी का दान करें.

**मिथुन** किसी से बहस नहीं हो इसका ध्यान रखें. सारी स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** आपके प्रभाव से आय होगा. यात्रा का योग है. मानसिक उलझन दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. लाभ में वृद्धि होगी.

**सिंह** नेत्र रोग से बचें. समय उत्तम है. सामाजिक सरोकार बढ़ेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. धनार्जन होगा. समय उत्तम है. इसका लाभ लें. सूर्य को जल अर्पण करें.

**कन्या** मानसिक शांति के साथ साथ आर्थिक सुख मिलेगा. आय होगी, पर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. आय में निश्चितता रहेगी. किसी नये कार्य की जोखिम न लें. लड्डू का भोग लगावें.

**तुला** थोड़े प्रयास से रुके कार्य बनेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. झाड़ू का दान करें.

**वृश्चिक** लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. किसी अपने पर व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** समय सामान्य है. थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी.

**मकर** कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहा सुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. किसी अपने के स्वास्थ्य की चिंता तथा तनाव रहेगा. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** कोई बड़ा निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेगी.

**मीन** किसी पर अतिविश्वास करने से बचें. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. गुरु गायत्री मंत्र का जाप करें.

## टेल्को में 25 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो लोग गिरफ्तार हुए

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत मिलेनियम पार्क के पास टेल्को पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में घोड़ाबंधा न्यू बस्ती निवासी संजय गोराई और बिरसानगर जोन नंबर 6 निवासी राजेश तंतुबाई शामिल है. दोनों के पास से पुलिस ने कुल 25 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है, जिसकी कीमत 5 हजार रुपये है. जानकारी देते हुए डीएसपी सिटी सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मिलेनियम पार्क के पास कुछ युवक ब्राउन शुगर बेच रहे हैं. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**लोकसभा चुनाव 2024**

**संसदीय सीट : 1962 में अस्तित्व में आयी गोड्डा लोकसभा सीट**

# भाजपा दो बार लगा चुकी है हैट्रिक

**कुल मतदाता**
**19,95,192**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 9,60,731 | 10,34,446 |

ट्रांसजेंडर : 15

प्रवीण कुमार। रांची

गोड्डा लोकसभा क्षेत्र 1952 के पहले आम चुनाव में पूर्णिया-संतालपरगना सामान्य सीट का हिस्सा हुआ करता था. इसके बाद में 1957 में गोड्डा को दुमका संसदीय सामान्य सीट में शामिल किया गया. इस साल हुए चुनाव में जेएचपी के सुरेश चंद्र चौधरी ने भागवत झा आजाद को करीब 52 हजार मतों से पराजित किया था. गोड्डा लोकसभा क्षेत्र 1962 में अस्तित्व में आया. इस लोकसभा क्षेत्र में गोड्डा जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र के अलावा देवघर के दो, दुमका के एक विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं. पिछले तीन चुनावों से निशिकांत दुबे लगातार जीत दर्ज कर रहे हैं. हालांकि शुरुआती दौर में यह सीट कांग्रेस भी जीत चुकी है. इस लोकसभा सीट के लिए कुल 14 बार चुनाव हुए हैं. 2024 के चुनाव में भाजपा ने फिर से निशिकांत दुबे को उतरा है. इंडिया गठबंधन ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है. इंडिया गठबंधन के घटक कांग्रेस यहां से उम्मीदवार खड़ा करेगी. कांग्रेस प्रदीप यादव या दीपिका पांडेय सिंह को चुनाव में उतार सकती है.

## गोड्डा लोस क्षेत्र में 6 विस क्षेत्र, किस पर किसका कब्जा



- पोड़ैयाहाट, महागमा, जरमुंडी : कांग्रेस
- मधुपुर : झामुमो
- देवधर, गोड्डा : भाजपा

- **गोड्डा के पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जीती थी :** 1962 में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अस्तिव में आया. पहले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रभुदयाल हिम्मत सिंह को 40.6 % वोट मिले थे और वे चुनाव जीते. स्वतंत्र जनता पार्टी के मोहन सिंह ओबेरॉय को 30.5 % वोट मिले थे.
- **1967 के चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी जीते थे :** 1967 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के प्रभुदयाल हिम्मत सिंह 36.8 % वोट हासिल चुनाव जीते, जबकि भारतीय जनसंघ को 24.4 % वोट मिले थे.
- **1971 के लोकसभा चुनाव :** 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश मंडल ने चुनाव जीता था.
- **1977 में कांग्रेस को करना पड़ा हार का सामना :** 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार हुई. इस सीट पर भारतीय लोकदल ने जीत हासिल की. भारतीय लोक दल के जगदंबी प्रसाद यादव ने 68.6 % वोट हासिल कर चुनाव जीता, जबकि कांग्रेस को 25.5 फीसदी वोट मिले.
- **1980 में फिर से कांग्रेस ने किया सीट पर कब्जा :** 1980 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के समीनउद्दीन ने जीत हासिल की. कांग्रेस को 35.7% वोट मिले. दूसरे स्थान पर जनता पार्टी के जगदंबी प्रसाद यादव रहे थे. उन्हें 27.30 % वोट मिले थे.
- **1984 के चुनाव में कांग्रेस के कब्जे में आयी थी सीट :** 1984 के चुनाव में कांग्रेस के शमीमुद्दीन विजयी हुए थे. कांग्रेस को कुल 44.8 % वोट मिले. जबकि भाजपा को 16.5 % वोट मिले. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा को यहां कुल 15.8 % वोट मिले.
- **1989 में पहली बार भाजपा का खुला खाता :** 1989 के चुनाव में पहली बार भाजपा ने इस सीट पर जीत दर्ज की. भाजपा के जनार्दन यादव को 53.01 % वोट मिले थे. वहीं दूसरे स्थान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सूरज मंडल रहे थे. इन्हें 21.8 % वोट मिले थे. कांग्रेस को 20.8 % वोट मिले थे.
- **1991 में पहली बार जीता झामुमो :** 1991 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गोड्डा सीट पर बाजी मारी. झामुमो को 48.5 % वोट मिले. जबकि भाजपा के जनार्दन यादव को कुल 29 % वोट मिले. वहीं कांग्रेस को 16.02 % वोट प्राप्त हुए.
- **1996 में लौटी भाजपा, जगदंबी प्र. यादव जीते :** 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर से गोड्डा सीट पर जीत दर्ज की. भाजपा के जगदंबी प्रसाद यादव 35.3 % वोट हासिल कर विजयी हुए. जनता दल दूसरे स्थान पर रहा, जिसके प्रत्याशी को 26.4 % वोट मिले. झारखंड मुक्ति मोर्चा को 19.6 % वोट ही मिले थे.
- **1998 में फिर भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए :** 1998 के चुनाव में भाजपा ने यहां से बाजी मारी. भाजपा के जगदंबी प्रसाद को 46.5 % वोट मिले. जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सूरज मंडल को 35.9 % वोट मिले.
- **1999 में भाजपा ने तीसरी बार जीत दर्ज की :** 1999 में हुए लोकसभा के चुनाव में भाजपा ने फिर से सीट पर कब्जा जमाया. भाजपा के जगदंबी प्रसाद यादव 34.5 %वोट हासिल कर चुनाव जीते. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा को 22 % वोट मिले. झामुमो ने सूरज मंडल को खड़ा किया था. कांग्रेस को 17 % वोट मिले.
- **2004 के चुनाव कांग्रेस ने मारी बाजी :** 2004 में हुए चुनाव में कांग्रेस के फुरकान अंसारी ने इस सीट पर कब्जा जमाया. कांग्रेस को 44.9 % वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार प्रदीप यादव को 41.7 % वोट मिले.
- **2009 में भाजपा ने गोड्डा सीट पर कब्जा जमाया :** 2009 के चुनाव में भाजपा ने निशिकांत दुबे चुनाव जीते. कांग्रेस के फुरकान अंसारी को 23 %वोट मिले. जबकि झारखंड विकास मोर्चा (प्र.) के प्रदीप यादव को 22.02 % वोट मिले थे. झारखंड मुक्ति मोर्चा के दुर्गा सोरेन भी यहां से चुनाव लड़े थे. उन्हें 9.2 % को मिले थे.
- **2014 के चुनाव में मोदी लहर का दिखा असर :** 2014 के चुनाव में भाजपा के निशिकांत दुबे 36.3 % वोट लाकर चुनाव जीते. कांग्रेस के फुरकान अंसारी को 30.5 % वोट मिले थे. जबकि झारखंड विकास मोर्चा (प्र.) को 18.4 % वोट मिले.
- **2019 में निशिकांत दुबे ने फिर से जीत दर्ज की :** 2019 के चुनाव में भाजपा के निशिकांत दुबे ने तीसरी बार जीत दर्ज की. भाजपा को कुल 53.4 % वोट मिले थे. जबकि झारखंड विकास मोर्चा प्र. के प्रदीप यादव को 38.8 %वोट मिले.

## आरपीएफ बैरक के पास फायरिंग, दहशत

संवाददाता। लातेहार



**खास बातें**

- धनबाद की कंपनी द्वारा किया जा रहा है नाली निर्माण का कार्य
- पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया

रेलवे स्टेशन के सामने आरपीएफ बैरक से मात्र 50 फीट की दूरी पर शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की है. बता दें कि जिस जगह घटना को अंजाम दिया गया, वहां धनबाद के रंग बहादुर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नाली निर्माण व मिट्टी लेबलिंग का काम किया जा रहा है. कंपनी के सुपरवाइजर सुनील सिन्हा ने बताया कि पिछले पांच महीनों से काम चल रहा है. आज तक किसी के द्वारा कोई धमकी या लेवी की मांग नहीं की गयी. मजदूर प्रदीप कुमार और संजीत कुमार यादव ने बताया कि नाली निर्माण और मिट्टी लेबलिंग का काम चल रहा था. इसी बीच रेलवे कॉलोनी की ओर से लाल रंग की एक बाइक पर सवार चार लोग आये. काम के बारे में पूछताछ करने लगे. पांच -दस मिनट बाद हवाई फायरिंग करते उसी रास्ते से भाग गये. घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मजदूरों से पूछताछ की. पुलिस ने घटनास्थल से नाइन एमएम की गोली का एक खोखा भी बरामद किया है. थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. अपराधी बिना नंबर वाली बाइक से आये थे. उन्होंने शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने का दावा किया है. आरपीएफ के जवान घटनास्थल पर तब पहुंचे जब सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी व जवान मजदूरों से घटना के बारे में पूछताछ करने के बाद लौटने की तैयारी में थे. इस पर सदर थाना पुलिस के एक पदाधिकारी ने नाराजगी भी जताई.

**अरका जैन यूनिवर्सिटी : बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी...**

## कैंपस में दिया आपसी एकता व भाईचारे का संदेश

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर





अरका जैन विश्वविद्यालय में रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य मे रंगारंग व धमाकेदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को लेकर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के बीच काफी उत्साह था. कार्यक्रम में सेलेब्रिटी डीजे का आयोजन किया गया, इससे छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गीत का आनंद उठाया और खूब मस्ती की. रंगों से होली खेली गई और सभी ने इसे बेहद उत्साह से मनाया. बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी..., होली खेले रघुबीरा अवध में... जैसे होली गीतों पर छात्र-छात्राएं खूब थिरके. रंगों के अलावा अबीर-गुलाल से यूनिवर्सिटी कैम्पस रंग-बिरंगा हो उठा. एक साथ मिले विभिन्न रंग अनेकता में एकता और भाईचारे का संदेश दे रहे थे. इस अवसर पर यूनिवर्सिटी में सभी के लिए भोजन का प्रबंध था, जिसमें विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन शामिल थे. छात्रों ने इस खास मौके पर सहभोज का आनंद लिया.


कार्यक्रम में विश्वविद्यालय बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एसएस रजी, वाईस चांसलर डॉ ईश्वरन अय्यर एवं निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने सभी को होली की हार्दिक बधाई दी. उन्होंने कहा कि आज सभी पुराने द्वेष आदि को समाप्त कर सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ना है. इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ जसबीर सिंह धंजल, सभी संकाय के डीन एवं सभी विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे. उन्होंने भी सभी छात्रों को होली की शुभकामनाएं और बधाई दी. साथ ही उनकी खुशियों में शामिल होकर कार्यक्रम को संवारा.

यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने बताया कि एक उत्सवपूर्ण व मनोरंजक कार्यक्रम उनके लिए अद्वितीय एवं अविष्मरणीय रहा.

**काम ठप** **2019 में पीएम मोदी ने अधूरी पड़ी उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने के लिए किया था ऑनलाइन शिलान्यास**

# पांच वर्षों के बाद भी मंडल डैम का काम धरा का धरा, नहीं जुड़ पायी एक भी ईंट

आशीष टैगोर। लातेहार



वह भी चुनावी वर्ष था, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने लातेहार के मंडल ग्राम में अधूरी पड़ी उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने के लिए ऑनलाइन शिलान्यास किया था. अब यह भी एक चुनावी साल है. इन पांच सालों में इस परियोजना में एक भी ईंट नहीं जोड़ा गया. पांच साल पहले पांच जनवरी 2019 को पीएम मोदी ने पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने के लिए ऑनलाइन शिलान्यास किया था. चूंकि यह परियोजना लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के मंडल ग्राम में स्थित है. इस कारण इसे स्थानीय बोलचाल की भाषा में मंडल डैम भी कहा जाता है.

**लोगों को लगा अब पूरा होगा मंडल डैम :** पीएम के द्वारा शिलान्यास किये जाने के बाद लगा कि 70 के दशक में जिस परियोजना की आधारशिला रखी गयी थी, वह अब अवश्य पूरा होगा, लेकिन विडंबना ऐसी रही कि शिलान्यास करने के तकरीबन पांच साल बाद भी इस परियोजना में एक ईंट तक नहीं जुड़ पाया. हालांकि गत वर्ष पीएम मोदी ने उक्त जलाशय योजना को पूरा कराने के लिए 18361.41 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है. इसे महज एक इत्तेफाक कहें या फिर चुनावी राजनीति का हिस्सा. लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है. विरोधी दल इसे चुनावी रंग दे रहे हैं. अब जब केंद्र सरकार के द्वारा इस परियोजना को पूरा करने के लिए राशि आवंटित की गयी तो एक बार फिर इसके पूरा होने के आसार बढ़ गये हैं.

### क्या है उत्तर कोयल जलाशय योजना

इस परियोजना पर काम साल 1972-73 में तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के द्वारा शुरू कराया गया था. जब 1970 में पूरे बिहार में अकाल पड़ा था तो उस अकाल व सूखा से निजात पाने के लिए इस परियोजना की परिकल्पना की गयी थी. इस परियोजना में गढ़वा जिला के भंडरिया प्रखंड के चेमो सान्या समेत 16 गांव तथा लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड के तीन गांव डूब क्षेत्र में शामिल है. इन 19 गांवों में 749 परिवारों के 6013 लोग विस्थापित होंगे. इस परियोजना से एक लाख 11 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई करने एवं डैम के दोनों किनारों पर 24-24 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया था.

### प्रारंभ में 30 करोड़ था प्राक्कलन लागत

जिस समय यह परियोजना प्रारंभ की गयी थी, उस समय इस परियोजना का प्राक्कलन मात्र 30 करोड़ रुपये था. साल 1985 में इसे बढ़ाकर 581 करोड़ रुपये किया गया. इसके बाद इसे बढ़ाकर 1627 करोड़ रुपये किया गया. पहले परियोजना में 367 मीटर की ऊंचाई में पानी जमा करने की योजना थी, बाद में इसे घटाकर 341 मीटर कर दिया गया.

### अधीक्षण अभियंता की हत्या के बाद से बंद है काम

साल 1996 में परियोजना के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता बैद्यनाथ मिश्रा की माओवादियों ने हत्या कर दी थी. उसके बाद से इस परियोजना पर काम बंद है. साल 1999 में समुचित रख-रखाव नहीं होने के कारण झाड़ियों में आग लग गयी. इसमें कई वाहन जलकर राख हो गये. परियोजना के लोहे को चोरों ने काट कर स्क्रैप के भाव बाजार में बेच दिया.

## रांची कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सदानंद का निधन

**रांची।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री बारेंदा निवासी सदानंद महतो का हृदयगति रुक जाने के कारण उनके पैतृक निवास में निधन हो गया. वे शहीद रघुनाथ महतो इंटर कॉलेज पतराहातू के प्राचार्य, ग्रामीण विकास केंद्र, रांची के सचिव व कई सामाजिक संस्था से जुड़े हुए थे.उनके निधन से थाना क्षेत्र में शोक की लहर है. पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, राकेश किरण महतो,अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, कमल प्रसाद साहू, हलधर महतो, दिनेश सिंह मुंडा,निशिकांत गोंझू ,अजय साहू, कौशल किशोर महतो, सच्चिदानंद प्रमाणिक, सुधीर महतो, भगीरथ प्रमाणिक, महावीर महतो, सुरेश चन्द्र गोंझू, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, अजगुत महतो,महानन्द पुरान आदि ने उनके निघन पर शोक व्यक्त किया है.

## मॉस्को के कॉन्सर्ट हॉल में हमलावरों ने भीड़ पर चलाई अंधाधुंध गोलियां

# हमले में 143 लोगों की मौत

भाषा। मॉस्को

रूस के मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार देर शाम को हुए हमले में मृतकों का आंकड़ा 143 हो गया है. वहीं करीब 150 लोग घायल हैं. आतंकियों ने यहां मासूम लोगों को निशाना बनाते हुए हॉल में धमाका किया और जमकर गोलियां बरसाईं. इस घटना के बाद मॉस्को में हाई अलर्ट जारी करते हुए रूस की सुरक्षा एजेंसी और पुलिस ने मिलकर अभियान चलाया. अब तक इस घटना पर 11 संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं. इनमें से चार वह बंदूकधारी हैं, जो हमले में सीधे तौर पर शामिल रहे. अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों को पुलिस ने कार से पीछा करने के बाद दबोचा. रूसी सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, हमलावरों के यूक्रेन में संपर्क थे और वह बॉर्डर की तरफ भाग रहे थे. हालांकि, रूस-यूक्रेन बॉर्डर तक पहुंचने से पहले ही उन्हें ब्रायन्स्क प्रांत में पकड़ लिया गया.

**अमेरिका ने जारी की थी एडवाइजरी :** आतंकी हमले के बाद मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल की ओर जा रहे हैं. हमलावरों से निपटने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को में अमेरिकी दूतावास ने कुछ दिनों पहले ही एक एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें अमेरिकी नागरिकों से मॉस्को में सामूहिक समारोहों से बचने के लिए कहा गया था. इसके बाद रूस में यह हमला हुआ. अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा था कि दूतावास उन रिपोर्ट्स की जांच कर रहा है कि चरमपंथियों के पास मॉस्को में संगीत समारोहों सहित बड़ी सभाओं को निशाना बनाने की योजना है. इसलिए अमेरिकी नागरिकों को अगले 48 घंटों में बड़ी सभाओं से बचने की सलाह दी जाती है.

**एफएसबी ने कहा- इस मामले में जांच जारी है :** रूसी एजेंसी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने कहा कि इस मामले में जांच जारी है. वहीं, रूस के इन आरोपों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार ने कहा कि इस घटना से उनका कोई भी लेना-देना नहीं है. घटना पर रूस के सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पातृशेव ने कहा कि आईएस-खोरासान का रूस पर यह हमला देश पर आए नए गंभीर खतरे को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी यह हमला किया है, उसे बख्शा नहीं जाएगा.



▪ फाइल फोटो

### इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली

इस हमले की जिम्मेदारी कथित रूप से इस्लामिक स्टेट ने ली है. इस्लामिक स्टेट ने अपने कथित टेलीग्राम चैनल के जरिए दावा किया कि हमले को अंजाम देकर उसके आतंकी ठिकाने पर वापस लौट गए हैं. हालांकि, कुछ स्थानीय मीडिया का कहना है कि जिन लोगों के साथ आतंकी संगठन ने दावा जारी किया है, वो फर्जी भी हो सकता है. इस दावे की फिलहाल किसी स्थानीय एजेंसी द्वारा पुष्टि नहीं हो सकी है. बताया जाता है कि कन्सर्ट हॉल मॉस्को में काफी मशहूर है और शुक्रवार को यहां कमोबेश 6200 लोग मौजूद थे.

### खास बातें

- चार हमलावरों समेत 11 संदिग्ध को किया गिरफ्तार
- यूक्रेन ने कहा- इस घटना से कोई लेना-देना नहीं

### भारत रूस के साथ एकजुटता से खड़ा है : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हम मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं. हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं. भारत दुख की इस घड़ी में रूस की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है.

### कांग्रेस ने आतंकवादी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मॉस्को में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की शनिवार को निंदा की और कहा कि पार्टी दृढ़ता से रूस के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद मानवता और शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है. हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं.

### सुरक्षा बलों की वर्दी में कॉन्सर्ट हॉल में घुसे थे बंदूकधारी

रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों की वर्दी में कम से कम तीन बंदूकधारी कॉन्सर्ट हॉल में घुस आए और अंदर पर मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी. जिससे कई मौतें हुई हैं और कई लोग घायल हुए हैं. रूसी समाचार एजेंसी तास ने बताया कि हमले के बाद इमारत में विस्फोट और आग लग गई.

### व्हाइट हाउस का यूक्रेन की गोलीबारी में शामिल होने से इनकार

मॉस्को में हमले पर व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी जॉन किर्बी ने कहा कि फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं है कि यूक्रेन या यूक्रेनी लोग गोलीबारी में शामिल हैं. हम हमले पर नजर रख रहे हैं, लेकिन मैं अभी यूक्रेन से किसी भी तरह के संबंध के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकता हूं.


## छह पूर्व विधायक भाजपा में शामिल


भाषा। नयी दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह पूर्व विधायक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए. उन्हें कांग्रेस के एक व्हिप की अवज्ञा करने के बाद विधायक पद से अयोग्य करार दिया गया था. वे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हो गए. इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी. उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है. ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है. कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं, वे सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो हैं. ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और उन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था. निर्वाचन आयोग ने इनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है और वे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ सकते हैं.

## आईएनएस कोलकाता 35 जलदस्यु को लेकर मुंबई पहुंचा

**मुंबई।** सोमालिया तट के पास एक अभियान में पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा. नौसेना ने यह जानकारी दी. उसने कहा कि यहां लाने के बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया. यह कार्रवाई 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई, जिसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. नौसेना ने कहा कि आईएनएस कोलकाता पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर 23 मार्च को मुंबई पहुंचा.










मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )